दैनिक
# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

2009 से स्थापित

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'जो इंसान कठिन समय में भी अपने संस्कार, धैर्य और ईमानदारी नहीं छोड़ता, वही वास्तव में मजबूत चरित्र का मालिक होता है।'

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937



## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

# सजा से बड़ा है सुधार का अवसर

मानव समाज केवल कानूनों और दंड व्यवस्था से नहीं चलता, बल्कि वह नैतिक मूल्यों, सह-अस्तित्व और मानवीय संवेदनाओं की मजबूत नींव पर खड़ा होता है। समाज की व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि बुराई, अपराध और अनैतिकता के प्रति सजगता रखी जाए। यदि समाज सही और गलत के बीच का अंतर मिटा देगा, तो अराजकता जन्म लेगी। लेकिन इसके साथ ही यह भी उतना ही बड़ा सत्य है कि यदि कोई व्यक्ति अपनी भूल स्वीकार कर सुधार के मार्ग पर लौटना चाहता है, तो उसे अवसर देना भी समाज की जिम्मेदारी है। केवल दंड देना सभ्यता नहीं है, बल्कि सुधार की संभावना को जीवित रखना ही एक संवेदनशील और प्रगतिशील समाज की पहचान है। मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

यह बात सत्य है कि बुराई समाज को भीतर से खोखला कर देती है। अपराध, नशा, हिंसा, छल-कपट और भ्रष्टाचार जैसी प्रवृत्तियां केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित करती हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह स्वयं को और अपने परिवार को ऐसी नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रखे। बुराई से दूरी बनाना किसी व्यक्ति से नफरत करना नहीं, बल्कि अपने जीवन और मूल्यों की रक्षा करना है। जैसे एक स्वस्थ शरीर के लिए विषैले पदार्थों से बचना जरूरी होता है, वैसे ही स्वस्थ समाज के लिए अनैतिक प्रवृत्तियों से सजग रहना आवश्यक है। लेकिन समाज का दूसरा पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। कोई भी इंसान जन्म से अपराधी या बुरा नहीं होता। परिस्थितियाँ, गलत संगति, आर्थिक मजबूरी, मानसिक तनाव, सामाजिक उपेक्षा या क्षणिक आवेश इंसान को गलत दिशा में धकेल सकते हैं। कई बार एक छोटी भूल इंसान को समाज से इतना दूर कर देती है कि वह खुद को अकेला और अस्वीकारित महसूस करने लगता है। ऐसे में यदि वह अपनी गलती को समझकर वापस सामान्य जीवन जीना चाहता है, तो उसे अवसर मिलना चाहिए। यदि समाज केवल उसकी पुरानी गलतियों को पकड़कर उसे ठुकरा देगा, तो वह व्यक्ति दोबारा उसी अंधेरे में लौट सकता है, जहाँ से निकलने की उसने कोशिश की थी।

आज समाज में यह प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है कि लोग किसी की एक गलती को उसकी पूरी पहचान बना देते हैं। जबकि इंसान की असली महानता उसकी गलती में नहीं, बल्कि गलती सुधारने की क्षमता में होती है। इतिहास गवाह है कि अनेक ऐसे लोग हुए जिन्होंने जीवन में गलत रास्ता चुना, लेकिन बाद में समाज के लिए प्रेरणा बन गए। यदि उन्हें सुधारने का अवसर न मिला होता, तो शायद वे कभी बदल नहीं पाते। यहाँ समाज और न्याय व्यवस्था दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। दंड आवश्यक है, क्योंकि बिना दंड के अनुशासन नहीं रह सकता। लेकिन दंड का उद्देश्य केवल प्रतिशोध नहीं होना चाहिए, बल्कि सुधार होना चाहिए। जेलें यदि केवल यातना का केंद्र बन जाएँ और वहाँ से निकलने वाला व्यक्ति समाज में सम्मानपूर्वक जीने का अवसर न पाए, तो अपराध का चक्र कभी समाप्त नहीं होगा। इसलिए सुधार गृह, शिक्षा, परामर्श और पुनर्वास जैसी व्यवस्थाओं को मजबूत करना समय की मांग है। आज सोशल मीडिया और डिजिटल युग में यह समस्या और भी गंभीर हो गई है। किसी व्यक्ति की गलती वायरल होते ही पूरा समाज उसे कठघरे में खड़ा कर देता है। लोग उसे सुधरने का अवसर देने के बजाय हमेशा के लिए अपराधी घोषित कर देते हैं। यह मानसिकता खतरनाक है। हमें यह समझना होगा कि इंसान मशीन नहीं है। उससे भूल हो सकती है, लेकिन यदि वह ईमानदारी से पश्चाताप कर रहा है, तो उसे नया जीवन जीने का अवसर मिलना चाहिए। एक स्वस्थ समाज वही होता है जहाँ सजगता और संवेदना दोनों साथ चलें। बुराई का विरोध होना चाहिए, लेकिन सुधार की संभावना का द्वार कभी बंद नहीं होना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति अंधेरे से निकलकर रोशनी की ओर बढ़ना चाहता है, तो समाज का कर्तव्य है कि वह उसके लिए रास्ता आसान बनाए, न कि उसे फिर अंधेरे में धकेल दे। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने बच्चों और युवाओं को केवल कानून का डर नहीं, बल्कि नैतिकता और मानवीयता का महत्व भी सिखाएँ। उन्हें यह बताया जाए कि गलती करना अंत नहीं है, लेकिन गलती पर अड़े रहना विनाश है। समाज का वास्तविक विकास तभी संभव है, जब वह दंड और सुधार के बीच संतुलन स्थापित करे।

**अंततः** यह समझना होगा कि बुराई से सतर्क रहना हमारी बुद्धिमत्ता है, लेकिन सुधरने वाले को अपनाना हमारी इंसानियत। जब हम किसी व्यक्ति को दूसरा अवसर देते हैं, तो हम केवल एक जीवन नहीं बदलते, बल्कि समाज को एक नई सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं। यही एक सभ्य, संवेदनशील और मजबूत समाज की सबसे बड़ी पहचान है।

# राज्य चुनाव आयोग ने हाईकोर्ट में बिना शर्त माफी मांगी:कहा-सरकार से जरूरी डाटा समय पर नहीं मिला, इसलिए चुनाव में देरी हुई

**भीम प्रज्ञा न्यूज**



**जयपुर ।** राज्य चुनाव आयोग ने हाईकोर्ट की 15 अप्रैल की डेडलाइन पर चुनाव नहीं कराने को लेकर बिना शर्त कोर्ट में सुनवाई के दौरान आज माफी मांगी। आयोग ने कहा कि सरकार की ओर से जरूरी डेटा उन्हें समय पर नहीं मिला। इसलिए चुनाव कराने में देरी हुई है। चुनाव आयोग के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह और सचिव राजेश वर्मा ने अदालत में पेश जवाब में कहा कि देरी के लिए आयोग सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं है और न ही आयोग ने कोर्ट के आदेश की जानबूझकर अवहेलना की है। वहीं राज्य सरकार ने हाईकोर्ट को बताया कि डिवीजन बेंच पहले ही चुनाव कराने के लिए 31 जुलाई 2026 तक की नई समय सीमा तय कर चुकी है। ऐसे में चुनाव में देरी को लेकर दायर अवमानना याचिका अब सारहीन हो गई है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जस्टिस महेंद्र कुमार गोयल और जस्टिस अनिल उपमन की खंडपीठ ने पूर्व विधायक संयम लोढ़ा और गिर्राज सिंह देवंदा की अवमानना याचिका को निस्तारित कर दिया।

### पंचायत-निकायों की सीमाएं तय करना सरकार का काम

चुनाव आयोग ने अपने जवाब में कहा कि पंचायतों और नगर निकायों की सीमाएं तय करना, वार्डों का परिसीमन करना और आरक्षण की अंतिम सूची जारी करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। जब तक सरकार यह जानकारी नहीं देती, तब तक आयोग चुनाव प्रक्रिया पूरी नहीं कर सकता। आयोग ने यह भी कहा कि उसने समय सीमा बढ़ाने के लिए 15 अप्रैल से पहले ही अदालत में आवेदन दायर कर दिया था। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि आयोग ने आदेश की अवहेलना की। वहीं, जिस पुराने केस का हवाला देकर अवमानना याचिका लगाई गई है, उसमें राज्य चुनाव आयोग पक्षकार भी नहीं था। आयोग को न तो नोटिस मिला था और न ही आदेश की प्रति। इसलिए आयोग पर अवमानना लागू नहीं होती हैं। हाई कोर्ट ने दिए अवमानना नोटिस दरसअल, राजस्थान हाईकोर्ट ने 14 नवंबर 2025 को 439 याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को प्रदेश में 15 अप्रैल 2026 तक पंचायत और निकाय चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। वहीं राज्य सरकार को 31 दिसंबर 2025 तक परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने के लिए कहा था। लेकिन इस आदेश के बाद भी चुनाव आयोग ने मतदाता सूची जारी करने का कार्यक्रम 22 अप्रैल तक तय कर दिया। इस पर पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने अवमानना याचिका दायर करके कहा था कि आयोग के इस कार्यक्रम से साफ है कि निकाय चुनाव किसी भी हाल में हाईकोर्ट द्वारा तय समय सीमा (15 अप्रैल) में पूरे नहीं हो सकते हैं और यह हाईकोर्ट की जानबूझकर की गई अवमानना है।

# शिक्षक व कवि जितेंद्र जांगिड़ के मोटिवेशनल सॉन्ग 'पढ़नो पड़गो' का हुआ विमोचन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ी।**

**हर्ष स्वामी ।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खेतड़ी में कार्यरत शिक्षक एवं कवि जितेंद्र जांगिड़ द्वारा तैयार किए गए प्रेरणादायक गीत 'जीवन थारो थान ही घड़णो पड़गो, मोटी-मोटी किताबां न पढ़णो पड़गो' का मंगलवार को मुख्य जिला शिक्षा कार्यालय झुंझुनूं में विमोचन किया गया। गीत का विमोचन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी झुंझुनूं अशोक शर्मा एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी खेतड़ी अनुकम्पा अरड़ावतिया ने किया। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा ने शिक्षक जितेंद्र जांगिड़ का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा प्रेरणादायक गीत तैयार करने पर उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस गीत को अधिक से अधिक विद्यार्थियों एवं अभिभावकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरणा मिल सके।



कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी झुंझुनूं सुनीता यादव, सहायक निदेशक मुख्य जिला शिक्षा कार्यालय अशोक जांगिड़, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खेतड़ी के प्रधानाचार्य संदीप भगासरा, व्याख्याता शैलेन्द्र कुमार, दीपक शर्मा, असराम सैनी सहित अन्य शिक्षाविद उपस्थित रहे।

# खैरथल-तिजारा कलेक्टर अतुल प्रकाश ने किया अस्पतालों का औचक निरीक्षण, मरीजों से लिया फीडबैक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेश चन्द ।** खैरथल-तिजारा जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने मंगलवार को सीएचसी हरसोली, सीएचसी मुंडावर तथा अलीबख्श पैनोरमा का औचक निरीक्षण कर चिकित्सा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं, साफ-सफाई, जांच व्यवस्थाओं एवं मरीजों को दी जा रही सेवाओं का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने दोनों अस्पतालों की बेड क्षमता, भर्ती मरीजों की संख्या, दवाओं की उपलब्धता, स्टोरेज हाउस एवं विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने भर्ती मरीजों से सीधे संवाद कर सुविधाओं का फीडबैक लिया और कहा कि सरकार द्वारा प्रदत्त सभी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद मरीज तक समय पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। सीएचसी हरसोली में जिला कलेक्टर ने ओपीडी में पहुंचकर मरीजों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। लैब का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना के तहत प्रतिदिन की जा रही जांचों की संख्या एवं गुणवत्ता परखी। भर्ती वार्ड में मा योजना के तहत बुक किए गए पैकेजों की जानकारी ली तथा मरीजों से सुविधाओं पर चर्चा की। दवा वितरण केंद्र एवं स्टोर रूम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने



नियर एक्सपायरी दवाइयों का समय पर वितरण और एक्सपायरी के बाद उनके उचित निस्तारण के निर्देश दिए। इसके बाद जिला कलेक्टर ने सीएचसी मुंडावर का निरीक्षण किया। डेंटल विभाग में चिकित्सकों से दैनिक कार्य प्रगति की जानकारी ली। इमरजेंसी वार्ड, एक्स-रे रूम, लेबर रूम एवं अन्य चिकित्सा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कंप्यूटर ऑपरेटर से पीसीटीएस एवं आईएचएमएस पोर्टल पर फीड किए जा रहे आंकड़ों की जानकारी भी ली। साथ ही ब्लॉक प्रोग्राम हेल्थ यूनिट की लैब का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने अलीबख्श पैनोरमा भवन का भी दौरा किया। गुरुवार को आयोजित होने वाले सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में समुचित साफ-सफाई एवं सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने को कहा।

### अतिक्रमण और सीसीटीवी व्यवस्था पर चर्चा

# ईद पर्व को लेकर पुलिस थाने में सी एल जी की बैठक आयोजि

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**

**सुमेर मीणा ।** आगामी ईद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर उदयपुरवाटी पुलिस थाने में सीएलजी सदस्यों एवं ग्राम रक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान शहर में खराब पड़े सीसीटीवी कैमरों और झुंझुनूं स्टेट हाईवे पर बढ़ते अतिक्रमण की समस्या प्रमुख रूप से सामने आई। बैठक में सदस्यों ने बताया कि घूमचक्कर से जमात क्षेत्र तक फोरलेन सड़क के किनारों पर वाहन खड़े रहने से यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इस संबंध में अमित अली कच्छावा ने कहा कि अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं, जिससे आमजन परेशान हैं। थानाधिकारी रामपाल मीना ने कहा कि यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और आवश्यक स्थानों पर पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन गंभीर है तथा आगे भी अभियान जारी रहेगा। बैठक में राहुल चेजारा ने शहर में लंबे समय से बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों का मुद्दा उठाया। इस पर थानाधिकारी ने बताया कि कैमरों की मरम्मत के लिए नगर पालिका प्रशासन को



पत्र भेजा जा चुका है, क्योंकि इसकी जिम्मेदारी नगर पालिका की है। थानाधिकारी ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए नहीं दें और बिना लाइसेंस वाहन संचालन से बचें। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह या भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक में पूर्व पार्षद राजेंद्र प्रसाद मारवाल, अजीज नागोरी, विजय चेजारा, अकरम मुगल, विद्याधर सैनी, विमल कुमार बंसल, बाबू लोहार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# तपती गर्मी में पीडब्ल्यूडी की पहल: खैरथल किशनगढ़बास में लगाया शरबत वितरण शिविर

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेश चन्द ।** खैरथल-तिजारा भीषण गर्मी और तेज लू के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सार्वजनिक निर्माण विभाग ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए शरबत वितरण शिविर का आयोजन किया। अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश किरण के नेतृत्व में सोमवार को खैरथल तथा मंगलवार को किशनगढ़बास में शिविर लगाकर राहगीरों, वाहन चालकों, श्रमिकों एवं आमजन को ठंडा शरबत पिलाया गया। शिविर का बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया। अधिशासी अभियंता आदेश यादव ने बताया कि लगातार बढ़ते तापमान और दोपहर में चल रही तेज लू के कारण आमजन को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना



करना पड़ रहा है। ऐसे में सामाजिक दायित्वों के तहत लोगों को राहत पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अत्यधिक गर्मी में आवश्यक सावधानियां बरतें, पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें और दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। शिविर में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए आने-जाने वाले लोगों को शरबत वितरित किया। स्थानीय लोगों ने पीडब्ल्यूडी की इस पहल की सराहना की। राहगीरों ने कहा कि भीषण गर्मी में इस प्रकार के सेवा कार्य न केवल राहत देते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी पहुंचाते हैं। कई लोगों ने विभाग की इस जनहितकारी पहल के लिए आभार व्यक्त किया।

# नीट पेपर लीक, महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लक्ष्मणगढ़ द्वारा नीट पेपर लीक, पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस की कीमतों में भारी बढ़ोतरी,बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में मंगलवार को उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन कर राजस्थान सरकार के नाम नायब तहसीलदार बाबूलाल को ज्ञापन सौंपा गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट राकेश सिहाग, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र गिठाला, विधानसभा प्रभारी नरेश सैनी, पीसीसी सचिव दिनेश कस्वां, विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश भाष्कर, सहकारी समिति अध्यक्ष सुभाष पूनिया, कांग्रेस नेता शुभकरण बिंवाल, कुरड़ा राम धाभाई, मण्डल अध्यक्ष पवन सैनी,




बलारां मण्डल अध्यक्ष ताराचंद मेघवाल, खुड़ी मण्डल अध्यक्ष सुरेंद्र मील, बीदासर मण्डल अध्यक्ष बिडदीचंद जांगिड़, बीदसर सरपंच रामवतार रॉयल, हमीरपुरा सरपंच बनवारी ढाका, घस्सू सरपंच मुकेश वर्मा, एससी प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप माहीच, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष गौरीशंकर गुर्जर, पूर्व नगर पालिका उपसभापति साकिर सोलंकी, शिक्षक नेता प्रेम सिंह डोटासरा, पूर्व पार्षद संजीव भानुका, यूथ कांग्रेस के जुबेर खान, सुनील गोदारा रेणु, महामंत्री जाफर खान, पूर्व सरपंच भागीरथ मूंड डूडवा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बीरबल जाखड़ सांखु, नेमीचंद मील खोरु, जोगेंद्र डोटासरा, अर्जुन सिंह खुड़ी, एडवोकेट दिनेश मंडीवाल, एडवोकेट राजकुमार राड़, एडवोकेट अशोक ढाका, एडवोकेट सत्यनारायण सैनी, एडवोकेट किशोर सिहाग, एडवोकेट सत्यवीर भाष्कर, धनप्रकाश मोदी, राकेश सांखला, बजरंग बागडी, मुकेश झाझोटिया, रंगलाल धायल माधोपुरा, बजरंग लाल बिजारणिया पनलावा, ताराचंद जाखड़ रहनावा, ओमप्रकाश गढ़वाल भैरूपुरा, शाहिद सहित काफी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे घकार्यक्रम का संचालन हरफूल गोदारा बादुसर, मदन बिडोदी, हीरा लाल ओला ने किया ।

# NSUI अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार को सौंपा 11-लाख का चेक


### ह्श्वश्वञ्ज पेपरलीक होने के बाद सुसाइड करने वाले छात्र के परिजनों को दिया दिलासा

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**झुंझुनूं ।** NEET पेपर लीक होने के बाद सदमे में आकर सुसाइड करने वाले झुंझुनूं के छात्र प्रदीप मेघवाल को छात्र संगठन NSUI ने आर्थिक मदद दी है। मंगलवार को NSUI के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ और पूर्व मंत्री राजकुमार शर्मा गुढ़ा गौड़जी पहुंचे। उन्होंने दिवंगत छात्र प्रदीप मेघवाल के परिजनों से मुलाकात की और सांत्वना दी। उन्होंने अपनी की गई घोषणा के तहत परिवार को 11 लाख रुपए की



आर्थिक सहायता राशि का चेक सौंपा। मृतक प्रदीप के परिजनों ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। इसके बावजूद बेटे को डॉक्टर बनाने का सपना लेकर उन्होंने 11 लाख रुपए का कर्ज लिया था। परिवार का सपना था कि प्रदीप बिना किसी परेशानी के NEET क्लियर कर सके, जिससे वे डॉक्टर बनकर परिवार का नाम रोशन कर सके। हालांकि प्रदीप ने पूरी मेहनत भी की, लेकिन परीक्षा के बाद जब पेपर लीक की खबरें आने लगी तो गहरे सदमे में चला गया। इसके बाद उसने सुसाइड कर लिया।




क्या आपने कभी कोई बिज़नेस करने के बारे में सोचा है लेकिन शुरू करने के लिए पहल नहीं की है? केवल आप ही नहीं हैं जो बिज़नेस शुरू करना चाहते हैं, लेकिन किसी भी कारण से असमर्थ हैं। इस लेख में हम चर्चा करेंगे कि आप बिज़नेस कैसे शुरू कर सकते हैं, व्यवसाय शुरू करने के लिए कैसे रणनीति बनानी चाहिए और बिज़नेस के लिए लोन कैसे लें।

# बिज़नेस कैसे शुरू करें? ऐसे मिलेगा बिज़नेस शुरू करने के लिए लोन



## बिल्डिंग एसोसिएशन

मार्केट में बने रहने और लाभ कमाने के लिए, आपको प्रभावशाली ब्लॉगर्स और फ्री/ सैंपल गिफ्ट या प्रोडक्ट के एक्सचेंज के लिए प्रमोशन करना होगा। अपनी पहचान बनाने के लिए चैरिटी संगठनों के साथ जुड़ें और कुछ प्रोडक्ट के साथ वॉलेंटियर करें। बेहतर ग्रोथ की संभावनाओं के लिए उद्योग में मौजूदा बड़े ब्रॉन्ड के साथ कोलैबोरेशन करें।

## धैर्य रखें और आगे बढ़ते रहें

एक स्टार्टअप व्यवसाय के शुरूआती चरणों में, लाभ मार्जिन या ब्रेकवेन के बजाय बिक्री पर अधिक ध्यान दें। अधिकांश उद्यमियों ने धैर्य और फोकस की कमी के कारण बिज़नेस बीच में ही छोड़ दिया। व्यापार के शुरुआती चरणों के दौरान लगातार बने रहना मुश्किल काम है, इसमें निरंतरता टूटती है और ध्यान भंग होता है जिससे नुकसान होता है। इसलिए, हमेशा यह सुझाव दिया जाता है कि धैर्य रखें और कड़ी मेहनत करते रहें और सही समय आने पर अच्छे परिणाम मिलेंगे।

## व्यवसायी बनने का विचार/आइडिया

वर्किंग टाइम, वर्क प्रोफाइल, लाइफस्टाइल, पब्लिक डीलिंग, निवेश का समय आदि से जुड़ें नौकरीपेशा कर्मचारी और व्यवसाय करने वाले के बीच बहुत बड़ा अंतर है। व्यवसायिक बनने से पहले दो बार सोचें। जिस प्रकार का व्यवसाय आप शुरू करना चाहते हैं, बाजार में इसकी मांग, व्यवसाय का आकार, निवेश की आवश्यकता और वार्षिक बजट कुछ ऐसे कारक हैं, जिन पर आपको अवश्य विचार करना चाहिए। यदि आप इन सभी सवालों के जवाब के साथ तैयार हैं, तो आप अपना खुद का बिज़नेस शुरू करने के लिए तैयार हैं।

### अपने कौशल (स्किल) के अनुसार बिज़नेस चुनें

एक नया बिज़नेस शुरू करने के लिए कौशल/स्किल तैयार करने की आवश्यकता होती है जो किसी बिज़नेस की आवश्यकताओं से मिलता हो। लोगों को उस व्यवसाय को शुरू या उसमें निवेश करना चाहिए जो कहीं न कहीं उनके कौशल से जुड़ा है। हर कोई किसी न किसी काम में अच्छा होता है; बस ज़रूरत है प्रतिभा को ढूढ़ने और उसे बेहतर बनाने की। बिज़नेसमैन बनने की योजना बनाने से पहले अपने आप को बेहतर तरीके से जानें, अपनी खूबियों और खामियों का विश्लेषण करें। एक नए क्षेत्र को पूरी तरह से चुनना जोखिमभरा है।

### बिज़नेस और बाज़ार का विश्लेषण

सबसे महत्वपूर्ण कारक जो किसी व्यवसाय को सफल या असफल बनाता है। वह है बिज़नेस पर रिसर्च और मार्केट विश्लेषण। सुनिश्चित करें कि आप जो बिज़नेस शुरू करने वाले हैं, उसकी मार्केट में मांग है और ज़्यादा व्यापारियों द्वारा इस बिज़नेस को न किया जा रहा हो। अपने बिज़नेस के कॉम्पिटिटर्स को ढूंढें और बिज़नेस करने के उनके स्टाइल का पता लगाएं। अपने बिज़नेस से जुड़े प्रोडक्ट, कच्चे माल, मशीनरी, उपकरण, आदि की मांग को पूरा करने के लिए सप्लायर का पता लगाएं। बाज़ार में पहले से ही बेचे गए प्रॉडक्ट के खर्च और कीमतों को ट्रैक करें और देखें कि लोगों को अंत में लाभ कितना हो रहा है।

### खर्च जानें

आपको यह तय करने की आवश्यकता है कि बिज़नेस शुरू करने में आपका कितना खर्च आएगा। अगला सवाल आपको खुद से पूछने की ज़रूरत है कि 'क्या आपके पास अपना बिज़नेस शुरू करने के लिए उचित फंड है या आपको बैंक से लोन लेने की आवश्यकता होगी?' यदि आपको और अधिक पैसों की आवश्यकता है तो आपके लिए बिज़नेस लोन के लिए आवेदन करना सबसे सुरक्षित विकल्प है। यह कदम पहले से उठाया जाना चाहिए क्योंकि अधिकांश स्टार्टअप स्थापित होने में विफल होते हैं क्योंकि वे अपने बिज़नेस की स्थापना के शुरुआती चरणों में पैसों की मांग को पूरा नहीं कर पाते हैं।

### बिज़नेस प्लान बनाना

बिज़नेस प्लान में आपके व्यवसाय से जुड़ी सभी जानकारी शामिल होनी चाहिए। यह मूल रूप से आपके बिज़नेस और इसकी ग्रोथ में मदद करने के लिए एक रोड मैप है। बिज़नेस प्लान आपके लाभ का परीक्षण करने और आपकी आर्थिक आवश्यकताओं को समझने में मदद करती है। इसके अलावा, यदि आप व्यवसाय बढ़ाने के उद्देश्यों के लिए बिज़नेस लोन लेना चाहते हैं, तो अच्छी तरह से बिज़नेस प्लान को लोन संस्थानों में जमा करें, जिसमें बैंक और एनबीएफसी शामिल हैं।

### स्थान तय करें

बिज़नेस के लिए लोकेशन सबसे महत्वपूर्ण फैसलों में से एक है जो एक एंटरप्रेन्योर लेता है, क्योंकि यह व्यवसाय का भविष्य तय करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपने बिज़नेस की भौतिक उपस्थिति स्थापित करने के लिए, दो बातों पर विचार करना चाहिए। पहला ग्राहकों के उद्देश्य के लिए उनकी आवश्यकता और दूसरा मार्केट / शॉपिंग मॉल। यह नेटवर्किंग के अवसरों और ग्राहक आधार को बढ़ाता है।

### अपने बिज़नेस को सेट करना

एक बार लोकेशन फाइनल हो जाने के बाद और रेंट एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया जाता है (यदि लागू हो), तो अगली बड़ी बात आपके बिज़नेस को नीचे दी गई बातों के पर भी ध्यान देना चाहिए-

अपने बिज़नेस का नाम
अपने बिज़नेस को रजिस्टर्ड करना
कंपनी के नाम के तहत एक करंट अकाउंट खोलना
एक टिन, पैन और जीएसटी नंबर प्राप्त करना
अकाउंट सिस्टम चुनना
एक वेबसाइट बनाना
सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अकाउंट खोलना

ये कदम आपके बिज़नेस को बेहतर तरीके से व्यवस्थित करने में आपकी मदद करेंगे और व्यवसाय की ग्रोथ को बढ़ाएँगे।

### स्टाफ को काम पर रखना शुरू करें

शुरूआत में बिज़नेस चलाने के लिए आपको कितने स्टाफ की ज़रूरत है, उसकी चयन करें। साथ ही, बेहतर कौशलता, प्रॉडक्टिविटी और लाभ के लिए अनुभवी और कुशल लोगों को काम पर रखें। बिज़नेस के आकार के आधार पर आप संबंधित व्यवसाय टाइप के अनुसार, अधिकारियों, ग्राहकों की देखभाल के प्रतिनिधियों, मार्केटिंग एक्सपर्ट, अकाउंटेंट, ढ्ढञ्ज पेशेवरों, ॥क्र कर्मियों और अन्य पेशेवरों को काम पर रख सकते हैं।

### अपने बिज़नेस का ब्रान्ड और विज्ञापन करें

अपने बिज़नेस का एक लोगो बनाएं जिससे ग्राहक आपके बिज़नेस का आसानी से पहचान सकें। लोगों को अपने व्यवसाय के बारे में बताएं ताकि आपके पास सामान या सेवाएं खरीदने के लिए आ सकें। अपने बिज़नेस के विस्तार के लिए अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अकाउंट बनाएं। एक मार्केट प्लान बनाएं, इसलिए व्यवसाय के शुरुआती छह महीनों में उसका विज्ञापन करने के लिए एक निश्चित बजट होना चाहिए।

## गाइड बनकर भी कर सकते हैं लाखों की कमाई, ऐसे कर सकते हैं शुरूआत

शॉर्ट टर्म कोर्स कर बना सकते हैं करियरकरियर बनाने के लिए जरूरी नहीं कि कोई बड़ा कोर्स या फिर डिग्री ली जाए. अगर आपके पास हुनर है तो आप किसी भी फील्ड में अपना शानदार करियर बना सकते हैं. आपने कई टूरिस्ट गाइडों को देखा होगा, जो सिर्फ अपने तजुर्बे और इतिहास का ज्ञान रखकर हजारों टूरिस्ट्स को घुमाते हैं और काफी अच्छा पैसा भी कमा लेते हैं. एक गाइड बनने के लिए जरूरी नहीं है कि आपके पास कोई डिग्री हो. कुछ महीनों के डिप्लोमा के साथ इसके लिए बस आपको अपने आस-पास के शहरों की अच्छी जानकारी होनी चाहिए. हम आपको यहां बता रहे हैं कि गाइड बनकर कैसे आप अपने करियर को एक नया मोड़ दे सकते हैं और घूमते फिरते कमाई कर सकते हैं.

संस्कृति और इतिहास का ज्ञान –एक गाइड बनने से पहले यह जरूर सोच लें कि क्या आपको अपने शहर की संस्कृति या फिर उसके इतिहास का पूरा ज्ञान है. अगर ऐसा नहीं है तो आप एक अच्छे गाइड नहीं बन सकते हैं. कोई भी टूरिस्ट आपसे कुछ भी प्रश्न कर सकता है



और गलत उत्तर से आप उनका भरोसा खो देंगे. इसीलिए इतिहास की हर छोटी और रोमांचक जानकारियां अपने पास रखें.

हाजिर जवाब होना भी जरूरी – किसी भी गाइड को हाजिर जवाब होना जरूरी होता है. इससे पता चलता है कि आप कितने अनुभवी हैं और आपको चीजों की कितनी समझ है. बातों को रोमांचक तरीके से लोगों को बताना एक कला है, जो एक गाइड के तौर पर सीखना बहुत जरूरी है. आपके साथ मौजूद टूरिस्ट्स को जानकारी के साथ-साथ आपकी बातों से मजा भी आना चाहिए.

लोगों की जेब का रखें खयाल –अगर आप एक गाइड हैं तो आपको लोगों की यानि जिन्हें आप घुमा रहें हैं उनकी जेब का खयाल रखना जरूरी है. ऐसे में लोगों को किसी रीजनेबल होटल, रेस्तरां आदि में खाना खिलाना, किसी अच्छे होटल में ठहराना और टैक्सी आदि की सुविधा मुहैया करवाने जैसी सुविधाएं शामिल हैं.

कुछ महीनों का डिप्लोमा कोर्स – गाइड के कोर्स के लिए देशभर में कई इंस्टीट्यूट 3 या 6 महीना का डिप्लोमा कोर्स करवाते हैं. ऐसे कोर्स करके आप आधिकारिक तौर पर एक गाइड के रूप में काम कर सकते हैं. इस कोर्स में आपको टूरिस्ट्स के साथ बात करने के जरूरी टिप्स भी बताए जाते हैं.

मौके भी कम नहीं – अगर आपने किसी अच्छे संस्थान से टूरिज्म ट्रैवल एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट का कोर्स किया है तो आपके पास मौकों की कोई भी कमी नहीं होगी. कई ऐजेंसियां इसके लिए वेकेन्सी निकालती हैं और एक अच्छे पैकेज पर गाइड हायर करती हैं.



# ये हैं एयरफोर्स में करियर बनाने के छह आसान रास्ते

### आपके कौन सा सही रहेगा

भारतीय वायुसेना में करियर बनाना कई युवाओं का सपना होता है। अगर आप भी एयरफोर्स में शामिल होने का विचार कर रहे हैं, तो जानिए वो छह आसान तरीके जिनसे आप इस गौरवपूर्ण करियर का हिस्सा बन सकते हैं।

भारतीय वायुसेना देश की ताकतवर और सम्मानित सेनाओं में से एक है। यहां नौकरी करना सिर्फ एक प्रोफेशन नहीं, बल्कि देशसेवा और गर्व की बात मानी जाती है। हर साल हजारों युवा एयरफोर्स का हिस्सा बनने का सपना देखते हैं, लेकिन बहुत से लोग यह नहीं जानते कि इस फोर्स में भर्ती होने के कई रास्ते हैं। 12वीं के बाद से लेकर ग्रेजुएशन और डिप्लोमा तक, हर स्तर पर एंट्री पॉसिबल है।

अगर आप भी आसमान में उड़ना चाहते हैं और वर्दी पहनना आपका सपना है, तो जानिए कौन-कौन से एग्जाम और एंट्री स्कीम्स हैं, जिनसे आप भारतीय वायुसेना का हिस्सा बन सकते हैं।

### 12वीं के बाद एयरफोर्स में ऑफिसर बनने का मौका (एनडीए)

एनडीए एग्जाम यूपीएससी द्वारा साल में दो बार आयोजित किया जाता है। इसमें 12वीं (फिजिक्स + मैथ्स) पास लड़के हिस्सा ले सकते हैं। सेलेक्शन के बाद कैंडिडेट्स एनडीए पुणे में ट्रेनिंग पाते हैं और फिर एयरफोर्स अकादमी में भेजे जाते हैं। यहां से पासआउट होकर वे फ्लाइंग ब्रांच या टेक्निकल/नॉन-टेक्निकल ब्रांच में ऑफिसर बनते हैं।

### ग्रेजुएशन के बाद ऑफिसर की सीधी एंट्री

सीडीएस एग्जाम भी यूपीएससी द्वारा लिया जाता है और ग्रेजुएट कैंडिडेट्स इसके जरिए एयरफोर्स एकेडमी (स्र्व, हैदराबाद) में दाखिला पा सकते हैं। यह परीक्षा साल में दो बार होती है और सफल कैंडिडेट्स को फ्लाइंग ऑफिसर की ट्रेनिंग दी जाती है।

### वायु सेना सामान्य प्रवेश परीक्षा

वायु सेना सामान्य प्रवेश परीक्षा भारतीय वायुसेना द्वारा आयोजित एक कॉमन एंट्रेंस टेस्ट है, जिसके जरिए फ्लाइंग, ग्राउंड ड्यूटी (टेक्निकल और नॉन-टेक्निकल) ब्रांच में भर्ती होती है। यह पुरुष और महिला दोनों के लिए खुला होता है और इसमें ग्रेजुएट्स आवेदन कर सकते हैं। हर साल दो बार यह परीक्षा होती है और इसे सबसे सुगम तरीका माना जाता है।

### 12वीं या डिप्लोमा के बाद एयरमैन भर्ती

भारतीय वायुसेना हर साल ग्रुप एक्स और ग्रुप वाय ट्रेड्स में भर्ती आयोजित करती है। ग्रुप एक्स में टेक्निकल ट्रेड्स आते हैं जैसे- मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि। वहीं ग्रुप वाय में नॉन-टेक्निकल पोस्ट होती हैं, जैसे- क्लर्क, मेडिकल असिस्टेंट और अन्य सपोर्ट स्टाफ। अगर आपने 12वीं (साइंस स्ट्रीम) या तकनीकी डिप्लोमा किया है, तो आप भारतीय वायुसेना में एयरमैन पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### बिना लिखित परीक्षा के सीधा इंटरव्यू

यदि आपने एनसीसी एयर विंग से सी सर्टिफिकेट प्राप्त किया है, तो आप एयरफोर्स में फ्लाइंग ब्रांच के लिए बिना कोई लिखित परीक्षा दिए आवेदन कर सकते हैं। इस एंट्री स्कीम के तहत एएफसीएटी या सीडीएस जैसी परीक्षाएं देने की आवश्यकता नहीं होती। इसमें केवल एसएसबी इंटरव्यू होता है और यह रास्ता ज्यादा कॉम्पिटीशन वाले लोगों के लिए बेहतरीन माना जाता है।

### अग्निवीर वायु

सरकार की नई योजना 'अग्निपथ' के तहत एयरफोर्स में भी अग्निवीर वायु की भर्ती शुरू हुई है। इसमें 17.5 से 21 साल के युवा आवेदन कर सकते हैं और चार साल की सर्विस के बाद कुछ प्रतिशत को परमानेंट नियुक्ति मिलती है। यह स्कीम युवाओं को फौज में आने का नया अवसर देती है।

# मुकुंदगढ़ रोड पर मंडावा पुलिस की सख्ती, बिना हेलमेट और सीट बेल्ट वालों के काटे चालान; यातायात नियमों की दी जानकारी

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मंडावा पुलिस ने मंगलवार को मुकुंदगढ़ रोड स्थित पुराने पेट्रोल पंप के पास विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान मंडावा पुलिस के एएसआई धर्मपाल के नेतृत्व में दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट वाहन चलाने पर रोक लगाने के लिए सख्ती बरती गई तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान काटे गए। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई। अभियान के दौरान फोर व्हीलर चालकों को भी सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया। हेड कांस्टेबल उस्मान ने बताया कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग दुर्घटना की स्थिति



में गंभीर चोटों से बचाव करता है। इसके अलावा वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन पर बात नहीं करने की हिदायत दी गई, क्योंकि यह सड़क हादसों का एक बड़ा कारण बनता जा रहा है। मंडावा पुलिस के एएसआई धर्मपाल, हेड कांस्टेबल उस्मान और शिव सुंदर ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पुराने पेट्रोल पंप के पास कई वाहनों की जांच की। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस टीम ने लोगों को समझाया कि हेलमेट, सीट बेल्ट और मोबाइल उपयोग से जुड़े नियम केवल जुर्माने से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी हैं। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित वाहन चलाएं और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। मंडावा पुलिस का यह अभियान क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# बाईसा स्नेहमिलन समारोह का आगाजः पीढ़ियों का मिलन, संस्कृति का सम्मान और रिश्तों की नई ताजगी

भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।

बदलते दौर में जहां पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों के बीच दूरियां बढ़ती जा रही हैं। वहीं जिले के सुलताना कस्बे में आयोजित तीन दिवसीय बाईसा स्नेहमिलन समारोह ने पीढ़ियों को जोड़ने और राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोने का संदेश दिया। मालुपुरा रोड स्थित जमवाय माता गेस्ट हाउस परिसर में मंगलवार को समारोह का भव्य शुभारंभ हुआ। जहां वर्षों बाद अपने मायके और गांव पहुंची बहन-बेटियों के स्वागत से भावनात्मक माहौल बन गया।राजपूत समाज की महिलाओं के सम्मान, सहभागिता और सामाजिक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बाहर से आई बहन-बेटियों का पारंपरिक राजस्थानी रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया। समारोह की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। जिसके बाद उपस्थित महिलाओं ने आपसी परिचय और संवाद के माध्यम से पुराने रिश्तों को फिर से जीवंत किया। आयोजकों के अनुसार इस स्नेहमिलन में बाड़मेर, करौली, अजमेर, पाली, भीलवाड़ा, जैसलमेर, राजसमंद, सिरोही, चूरू, नागौर, बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, सीकर सहित विभिन्न जिलों के अलावा महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्यप्रदेश से करीब 300 विवाहित बहन-बेटियां हिस्सा ले रही हैं। इनमें कई महिलाएं ऐसी हैं। जो लंबे समय बाद अपने गांव पहुंची हैं। ऐसे में यह



आयोजन केवल एक सामाजिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावनाओं, स्मृतियों और पारिवारिक जुड़ाव का उत्सव बन गया है। आयोजन समिति के गजेन्द्र सिंह टिके ने बताया की समारोह के दूसरे दिन सामाजिक संवाद, पारंपरिक राजस्थानी भोजन, देव दर्शन यात्रा, भजन संध्या, ग्राम भ्रमण, महिला प्रतिभा एवं खेल प्रतियोगिताएं, लोकगीत और घूमर नृत्य जैसे विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयोजन होंगे। आयोजकों का कहना है कि बाईसा स्नेहमिलन समारोह का उद्देश्य केवल मेल-मिलाप तक सीमित नहीं है। बल्कि समाज की महिलाओं को एक मंच पर लाकर सामाजिक एकता, पारिवारिक मूल्यों और सांस्कृतिक संरक्षण को बढ़ावा देना भी है। तीन दिनों तक चलने वाला यह आयोजन रिश्तों की गर्माहट, परंपराओं की खुशबू और राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान का अनूठा संगम बनकर उभर रहा है।

## ज्ञान भारतम मिशन को लेकर एडीसी ने ली बैठक

# भावी पीढ़ियों के लिए सहेजी जाएगी देश की बौद्धिक संपदा : एडीसी तरुण कुमार पावरिया

### जिले के प्रत्येक वार्ड और पंचायत में तैनात किए गए दो-दो सर्वेक्षक

### एडीसी की आमजन से ऐतिहासिक धरोहरें और पांडुलिपियां दान करने की अपील

भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।

भारत की अमूल्य बौद्धिक संपदा और सदियों पुरानी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय और हरियाणा सरकार के समन्वय से ज्ञान भारतम मिशन की शुरुआत हो चुकी है। इसी कड़ी में आज अतिरिक्त उपायुक्त एवं इस मिशन के जिला नोडल अधिकारी तरुण कुमार पावरिया ने सभागार में अधिकारियों और संबंधित कमेटियों की एक बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत रोडमैप साझा किया और तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस दौरान उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जाने वाले महेंद्रगढ़ जिले में इस अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। एडीसी ने कहा कि ज्ञान भारतम मिशन देश के इतिहास को पुनर्जीवित करने और हमारी सभ्यता के ज्ञान, परंपराओं, विज्ञान व दर्शन को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। जिले में इस राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण को पूरी पारदर्शिता और गति के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए एक विस्तृत प्रशासनिक आदेश जारी कर दिया गया है। एडीसी ने कहा कि जिले के प्रत्येक वार्ड और ग्राम पंचायत में अनिवार्य रूप से कम से कम दो-दो अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष



सर्वेक्षक के रूप में तैनात कर दिया गया है। इन सभी तैनात सर्वेक्षकों को एक विशेष रूप से गठित कमेटी के माध्यम से अनिवार्य क्षमता निर्माण, तकनीकी प्रशिक्षण और व्यावहारिक ओरिएंटेशन प्रदान की जा चुकी है, ताकि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और वैज्ञानिक पद्धति से कर सकें। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने इस व्यापक सर्वेक्षण कार्य को आगामी 10 जून 2026 तक हर हाल में पूरा करने की समय-सीमा तय की है। उन्होंने बताया कि यह संपूर्ण सर्वेक्षण आधुनिक ज्ञान भारतम मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से डिजिटल रूप से संचालित किया जा रहा है। इस उच्च तकनीक आधारित प्रणाली में डेटा की प्रमाणिकता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए कई विशेष मानक तय किए गए हैं। सर्वेक्षण के दौरान सर्वेक्षकों के लिए मोबाइल में जीपीएस को सक्रिय रखना और उसी सटीक स्थान पर उपस्थित रहना अनिवार्य होगा, जहां पांडुलिपियां या दुर्लभ अभिलेख मौजूद हैं। यह प्रणाली पांडुलिपि के वास्तविक भौगोलिक स्थान को स्वचालित रूप से रिकॉर्ड करेगी। डेटा संकलन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यवस्थित रखने के लिए एप्लिकेशन का इंटरफेस भले ही हिंदी और अंग्रेजी सहित देश की कुल 23 मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय भाषाओं और प्राकृत का समर्थन करता हो, लेकिन सर्वे फॉर्म की सभी प्रविष्टियां केवल अंग्रेजी भाषा में ही दर्ज की जाएंगी। सर्वेक्षण प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए इसे कुल सात महत्वपूर्ण चरणों में विभाजित किया गया है। उन्होंने बताया कि एप्लिकेशन में लॉगिन के बाद भाषा चयन, प्रोफाइल श्रेणी का चुनाव, फिर संरक्षक या संबंधित धार्मिक व सार्वजनिक संस्था के नाम, मोबाइल नंबर और पते का पूरा विवरण दर्ज करना होगा। इसके बाद पांडुलिपि के स्वरूप (जैसे ताड़पत्र, प्राचीन कागज, धातु आदि), उसकी लिपि, भाषा और वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा की जाएगी। इस प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण और अनिवार्य शर्त यह रखी गई है कि प्रत्येक पांडुलिपि के मुखपृष्ठ या पहले पृष्ठ की कम से कम एक अत्यंत स्पष्ट, पर्याप्त रोशनी वाली और बिना छाया या चमक वाली वास्तविक फोटो अपलोड करनी होगी। अंतिम सबमिशन के बाद पोर्टल द्वारा एक विशिष्ट रिक्वेस्ट आईडी जेनरेट की जाएगी, जिसके माध्यम से भविष्य में उस धरोहर के संरक्षण, कैटलॉगिंग और डिजिटाइजेशन की प्रगति को ट्रैक किया जा सकेगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने जिलावासियों से अपील की है कि प्राचीन पांडुलिपियां, ऐतिहासिक पत्र, दुर्लभ ताम्रपत्र, पुराने मानचित्र या प्राचीन तस्वीरें केवल किसी व्यक्ति या परिवार की निजी संपत्ति नहीं हैं, बल्कि ये हमारे समाज की साझा बौद्धिक धरोहर हैं। उन्होंने आह्वान किया कि अभिलेख दान अभियान के तहत आमजन और विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं स्वेच्छा से आगे आएं और अपने घरों, मठों, पारंपरिक पाठशालाओं या मंदिरों में सहेज कर रखी गई ऐसी दुर्लभ सामग्री को राज्य अभिलेखागार विभाग को सौंपने में सहयोग करें। बैठक में शिक्षा विभाग, स्थानीय निकाय और पंचायत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

## पिलानीः राजपुरा मौहल्ला में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास

# ग्रामीणों ने विधायक के नेतृत्व में तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी।

कस्बा पिलानी के राजपुरा मौहल्ला (वार्ड संख्या 33) के निवासियों ने क्षेत्र की बेशकीमती भूमि पर भू-माफियाओं और असामाजिक तत्वों द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे व अतिक्रमण के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस गंभीर मामले को लेकर बड़ी संख्या में स्थानीय वार्डवासियों और प्रवासियों ने पिलानी विधायक पितराम काला के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार सोनू आर्य को एक लिखित ज्ञापन सौंपा और न्याय की गुहार लगाई। तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में वार्डवासियों ने अवगत कराया कि कस्बा पिलानी में स्थित खसरा नंबर 833 एवं 942 की भूमि पर पिछले लंबे समय से लगभग 45 परिवार शांतिपूर्वक निवास कर रहे हैं। इन सभी परिवारों के पास वैध बिजली और पानी के कनेक्शन भी हैं। वर्तमान में इस भूमि का उपयोग और उपभोग इन्हीं परिवारों द्वारा किया जा रहा है और वे यहाँ अपना शांतिपूर्ण जीवन यापन कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कुछ समय से कुछ रसूखदार, असामाजिक तत्व और संभ्रांत दिखने वाले लोग इस कीमती सरकारी व सार्वजनिक भूमि पर गलत नजर गड़ाए हुए हैं। ये लोग आए दिन स्थानीय निवासियों और महिलाओं को डराते-धमकाते हैं और अवैध रूप से भूमि पर कब्जा करने की फिराक में हैं। शिकायत पत्र में मुख्य रूप से अनवर खां, मोमिन खां, शरीफ खान, नजीब शायर सहित अन्य लोगों पर इस पूरी साठगांठ में शामिल होने और




भोली-भाली जनता को डराकर जबरन कब्जा करने की कोशिश करने का सीधा आरोप लगाया गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि असामाजिक तत्वों की इन संदिग्ध और अवैध गतिविधियों के कारण क्षेत्र में डर का माहौल है। इससे स्थानीय कानून व्यवस्था और शांति व्यवस्था भंग होने का गंभीर खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने, दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और पीड़ित परिवारों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। इस दौरान विधायक पितराम काला के साथ भारी संख्या में वार्ड के मौजिज लोग, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे। तहसीलदार सोनू आर्य ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## अटेली सीएचसी में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं होंगी मजबूत

# मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना प्राथमिकताः आरती सिंह राव

### मेदांता फाउंडेशन के सहयोग से आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को मिलेगा विस्तार

भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की पहल पर महेंद्रगढ़ जिले के अटेली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। स्वास्थ्य विभाग हरियाणा और मेदांता फाउंडेशन के बीच सहयोग से तैयार प्रस्ताव को सिद्धांततः मंजूरी के लिए विचाराधीन रखा गया है। प्रस्ताव के अनुसार सीएचसी अटेली में आगामी तीन वर्षों के लिए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा, जिसे आपसी सहमति से आगे भी बढ़ाया जा सकेगा। इस पहल के तहत सीजेरियन ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम, ओपीडी सेवाएं, एनीमिया स्क्रीनिंग क्लीनिक तथा अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाओं को आधुनिक बनाया जाएगा।

इसके अलावा महिलाओं में स्तन एवं गर्भाशय कैंसर की जांच, एनीमिया प्रबंधन, बीपी, आरबीएस और हीमोग्लोबिन जैसी जांचों की सुविधा तथा नवजात शिशुओं के लिए कंगारू मदर केयर (केएमसी) को भी मजबूत किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अटेली सीएचसी में इस पहल से महिलाओं और नवजात शिशुओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर मिल सकेंगी। प्रस्ताव में योग्य डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती, एसीएलएस एंबुलेंस सुविधा, चिकित्सा उपकरणों के रखरखाव तथा स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण का भी प्रावधान रखा गया है। साथ ही अटेली में परियोजना के सफल संचालन के बाद फर्रुखनगर और मीरपुर तक इस मॉडल के विस्तार की संभावना भी जताई गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और जनसुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

# 'ऑपरेशन म्यूल हंटर' के तहत नीमराना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 83 लाख की साइबर ठगी में दो आरोपी गिरफ्तार

भीम प्रज्ञा न्यूज.न्यूज.नीमराना।

जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन म्यूल हंटर' के तहत नीमराना थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन निवेश ठगी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने फर्जी निवेश योजना और अधिक मुनाफे का लालच देकर एक व्यक्ति से करीब 83 लाख 5 हजार रुपए की ठगी की थी। पुलिस के अनुसार परिवादी को 'आर-10 जियोजिट ग्रुप ऑफ कंपनीज नगेट क्लब' नामक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया, जिसमें करीब 150 सदस्य शामिल थे। आरोपियों ने खुद को प्रोफेसर सीजे जॉर्ज और सहायक अनीता रिवेरा बताकर फर्जी पहचान बनाई। इसके बाद एक लिंक भेजकर 'जियो ब्लॉक एप' डाउनलोड करवाया गया। ग्रुप में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे शेयर खरीदने की सलाह दी जाती थी और अगले दिन भारी मुनाफे का झांसा दिया जाता था।आरोपियों ने फर्जी आईपीओ में 400 प्रतिशत लाभ का लालच देकर परिवादी से अलग-अलग बैंक खातों में करीब 83.05 लाख रुपए निवेश करवा लिए। बाद में परिवादी को ठगी का अहसास होने पर मामला दर्ज कराया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमराना सुरेश कुमार खींची तथा पुलिस उप अधीक्षक चारूल गुप्ता के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी और बैंकिंग जांच के दौरान मोबाइल नंबर, बैंक खातों, यूपीआई लेनदेन और डिजिटल साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया।

जांच के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रेवाड़ी निवासी योगेश कुमार तथा भिवाड़ी निवासी दान सिंह गुर्जर उर्फ रवि शामिल हैं। दोनों के खिलाफ थाना नीमराना में भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने साइबर ठगी की राशि विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर निकालना स्वीकार किया है। इस मामले में पूर्व में एक अन्य आरोपी गौरव को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों और मुख्य सरगना की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान व्हाट्सएप ग्रुप, लिंक या निवेश योजना पर भरोसा न करें और अधिक मुनाफे के लालच में आकर धन निवेश करने से बचें।

# युवाओं ने किया श्रमदान, कुएं के आसपास के क्षेत्र व पशुओं के पानी पीने की खेळ को बनाया स्वच्छ

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

सदाबहार मौहल्ले के युवाओं ने सामाजिक सरोकार का कार्य करते हुए वंदे जल संरक्षण जन अभियान के तहत एक अनुठी पहल कायम करते हुए नायाब उदाहरण प्रस्तुत किया है। स्टेशन मार्ग स्थित आदर्श विद्या मंदिर के सामने स्थित नोपाराम सुनार के कुएं के आसपास के क्षेत्र व पशुओं के पानी पीने की खेळ की सफाई की। कुएं के आसपास का क्षेत्र व पशुओं के पानी पीने की खेळ वर्षों से जीर्ण-शीर्ण और कूड़े के ढेर की तरह नजर आ रही थी जिसे युवा सामाजिक कार्यकर्ता अनुप कुमार खुडीवाला व मयंक भूमावाले के नेतृत्व में एक दर्जन युवाओं की टीम ने स्वच्छ और सुंदर बनाकर सामाजिक सरोकार का संदेश देते हुए पशुओं के लिए पानी पीने की खेळ को साफ कर दिया और देखते ही देखते पशु खेळ में पानी पीने आने लगें। भीषण गर्मी में पशुओं के लिए युवाओं की ओर से की गई सेवा व कुएं के आसपास के क्षेत्र की सफाई कर



स्वच्छता का दिया गया संदेश निश्चित ही सामाजिक सरोकार का अनुपम उदाहरण है। कार्यक्रम सयोजक अनूप खुडीवाला व मयंक भूमावाला ने बताया कि सदा बहार मोहल्ले व शिखरबंद महादेव परिवार की युवा टीम द्वारा श्रमदान कर जल के संचय एवम संरक्षण के बारे मे बताया गया तथा पुराने कुएं के आसपास के क्षेत्र की सफाई के साथ ही पशुओं के पानी पीने की खेळ को सफाई की गई तथा खेळ का जिर्णोद्धार कराया जाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर गणेश पूजारी, रूपेश शर्मा, सज्जन पारीक, गोमप्रकाश सोनी, योगेश टेलर, रितेश सैनी, बबलू सोनी, गोरीशंकर पंडित, लोकेश मीना, गौरव टेलर, गणेश सैनी, राजकिशोर पारीक, जयंत सोनी, लक्ष्य शर्मा, हार्दिक शर्मा, मनन पूजारी, वंशिका शर्मा, नयंत सोनी भारत पारीक, भरत पारीक, गोविंद जांगिड़ कैलाश शर्मा, राज कुमार सोनी, विनोद सैनी सहित मौहल्ले के युवाओं की टीम मौजूद थी।

# बिछोर में जल कलश यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

भीम प्रज्ञा न्यूज.चित्तौड़गढ़/बिछोर।

**हर्ष स्वामी ।** श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति्त महायज्ञ एवं श्री बानोड़ा बालाजी के तत्वावधान में निकाली जा रही विशाल जल कलश यात्रा का मंगलवार को बिछोर के बस स्टैंड पर भव्य स्वागत किया गया। मुकेश गुर्जर ने बताया कि सभी ग्रामवासियों व युवाओं ने यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का



अभिनंदन किया। 27 गांवों से निकाली जा रही इस जल कलश यात्रा में श्री नारायण रथ (बेवाण) भजन-कीर्तन शामिल रहे। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए ग्रामवासियों द्वारा जलपान एवं फलों की व्यवस्था भी की गई। युवाओं ने सेवा भाव से श्रद्धालुओं की सेवा कर धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का संदेश दिया। महायज्ञ श्री बानोड़ा बालाजी धाम में आयोजित किया जा रहा है।

# सीकर भाजपा के पूर्व सांसद सूमेधानंद सरस्वती को दिया यज्ञ का निमंत्रण

### पूर्व सांसद के आवास पर किया पोस्टर का विमोचन

भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी

**सुमेर मीणा** / झड़ायां धाम श्रीराम महायज्ञ का पोस्टर विमोचन पूर्व सांसद सुमेदा नन्द सरस्वती ने पिपराली आश्रम पर किया द्य पूर्व संसाधन ने जनता से आहवान किया कि यज्ञ से सनातन संस्कृति की पुष्टि होती हैं तथा धर्म का संवर्द्धन के साथ साथ वातावरण में शुद्धि होती है अतः सभी को सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर नवरंगपुरा के समाजसेवी ताराचन्द भावरिया,ओमप्रकाश बिजारनीयां,होंशियार सिंह कूड़ी व डॉ सागर नीमकाथाना उपस्थित थे द्व 17 जून से 25 जून 2026 का




श्रीराम महायज्ञ शेखावाटी का ऐतिहासिक यज्ञ होगा जिसमें लाखों भक्तों व संतों की उपस्थिति साक्षि होगी ।

## तोदी कुई दुर्गा पूजा स्थल पर आयोजित हो रही श्रीरामकथा के दूसरे दिन शिव-पार्वती की महिमा का हुआ संगीतमय वाचन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

श्रीमद जगद्गुरु रामानंदाचार्य महाराज के सानिध्य में श्री तोदी कुई दुर्गा पूजा महोत्सव स्थल पर आयोजित हो रही श्री राम कथा के दूसरे दिन मंगलमय को कथा वाचक पूज्या प्रेमा सखी ने शिव-पार्वती महिमा का संगीतमय वर्णन करते हुए शिव महिमा प्रसंग में शिव रूप की व्याख्या, शिव- पार्वती तपस्या, कामदेव-भस्म कथा संगीतमय प्रसंग के साथ कथा में आये श्रद्धालुओं को भक्ति रसपान कराया।

आयोजन समिति की जारी विज्ञप्ति में बताया कि कथा में सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु आये। इस दौरान महिलाएं कथा के दौरान भक्ति संगीतो पर नृत्य करने लग गई और मधुर संगीत पर सभी श्रद्धालु झूम उठे। इस अवसर पर श्रीमद जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी महाराज ने प्रवचन में कहा कि हिन्दू धर्म के प्रति सच्ची श्रद्धा रखने, जीवन में सभी तीर्थ करने के लिए प्रेरित किया जिसे देखकर हामरे बच्चों को भी तीर्थों के महत्व का ज्ञान हो और धर्म के प्रति बच्चो में सच्ची भावना जागृत हो सके। उन्होंने कहा कि सभी अपने माता-पिता की सच्ची सेवा करे, उनके साथ समय बिताए। सही मायने में माता पिता की सेवा ही ईश्वर के प्रति भक्ति सेवा है। कथा के अंत में श्री रामायण जी की आरती के साथ सभी भक्तों प्रसाद का वितरण किया गया। कथा के दौरान कार्यकर्ताओं ने जल- पान प्रसाद की व्यवस्था में जूटे है।

# भारत की जनवादी नौजवान सभा का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर 13 व 14 जुन को लक्ष्मणगढ़ में

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

नौजवान सभा के तहसील सचिव विधाधर ढुकिया ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि भारत की जनवादी नौजवान सभा का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर 13 व 14 जुन को लक्ष्मणगढ़ में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन को लेकर मंगलवार को स्थानीय कार्यालय कामरेड त्रिलोक सिंह भवन में स्वागत समिती का गठन किया गया इस दौरान राज्य महासचिव किशोर मांडोता ने अपने अपने विचार रखते हुए कहा की आज के दौर मे नौजवानो के सामने बेरोजगारी की भयंकर समस्या है जिसके लिए नौजवानो को एकजुट होकर लड़ाई लडनी होगी है ।जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश ने स्वागत समिति का प्रस्ताव रखा जिसमें अनेक समितियां का गठन किया गया स्वागत समिति के अध्यक्ष



बनवारी नेहरा स्वागत समीती के सचिव भरतवीर ढाका कोषाध्यक्ष रणजीत डोटासरा को चुना गया है सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अनेक प्रकार की कमेटियों का गठन किया गया जिसमें वित्त कमेटी का रणजीत डोटासरा इंचार्ज ,भोजराज सिंह ,बनवारी नेहरा ,बीरबल महरिया भूपेन्द्र महला, शिवभगवान निठारवाल , अमर सिंह जाखड़, मोहन सिंह फौजी, फुसाराम ढाका, भोजन कमेटी के रामदेव भास्कर इंचार्ज फारूक गोरी, रामेश्वर मील ,बिजू भास्कर , ओमप्रकाश कुमावत ,बलदेव मील रामस्वरूप बगडिया, प्रकाश कुडी आवास कमेटी फुसाराम ढाका , भोजराज मदर तुरकासिया , असलम खान ,सुल्तान महला ,महेश मील प्रचार प्रसार कमेटी विधाधर ढुकिया व कदीर खान इंचार्ज ,समीर खान, दीनदयाल ढाका, महेन्द्र नायक , भावना स्वामी ,गोपाल बागड़ी ,नरेश दनोदिया,निकिता आदी को चुना गया ।इस दौरान जिला कमेटी के धनश्याम साखला ,महेश पालीवाल, रामप्रताप पुनिया,दिलशेर,सुमेर बुडानिया भी शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन के मौके पर बाजार में 13 जून को विशाल रैली का आयोजन भी किया जाएगा साथ में प्रशिक्षण शिविर में बेरोजगारी की समस्या व महंगाई की समस्या को लेकर गहन विचार विमर्श किया जाएगा।

## 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत खैरथल-तिजारा में जल संरक्षण को लेकर जनजागृति, ग्रामीणों ने लिया संकल्प

**भीम प्रज्ञा न्यूज.खैरथल-तिजारा।**

**रमेश चन्द ।** राज्य सरकार द्वारा संचालित 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026' के अंतर्गत मंगलवार को जिले भर की ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन को लेकर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य आमजन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत बुर्जा में महिलाओं ने जलाशय एवं वृक्ष पूजन कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान गांव में निर्मित अमृत सरोवर कार्यों का अवलोकन किया गया और संबंधित गतिविधियां संचालित की गईं। ग्रामीणों ने जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए पानी बचाने और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने का आह्वान किया। अभियान के तहत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में नुक्कड़ नाटक, जल संरक्षण संकल्प, पौधारोपण की पूर्व तैयारियां, जल संरक्षण संरचनाओं का अवलोकन तथा अमृत सरोवर एवं जल संग्रहण कार्यों का निरीक्षण जैसे कार्यक्रम हुए। साथ ही 'हरियालो राजस्थान अभियान' के अंतर्गत आगामी पौधारोपण कार्यों की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।अधिकारियों ने मनरेगा एवं वीबीजी रामजी योजना के अंतर्गत चल रहे जल संरक्षण कार्यों में तेजी लाने



और अधिकाधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। ग्रामीणों से जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई। 27 मई को धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, भामाशाहों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ जल संरक्षण विषय पर संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय गौशालाओं एवं पशु चिकित्सालयों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिला सचिवालय से सुबह 8:15 बजे मीडिया को जल संरक्षण कार्यों का फील्ड भ्रमण भी करवाया जाएगा।

## भीषण गर्मी में राहत: जसाई गांव में सरपंच वीरेंद्र शर्मा ने कराया सिंगल फेज बोरिंग का शुभारंभ

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेश चन्द ।** 2026 बढ़ते तापमान और गहराते जल संकट से ग्रामीणों को राहत दिलाने के लिए ग्राम पंचायत मद से मंगलवार को गांव जसाई में सिंगल फेज बोरिंग का शुभारंभ किया गया। सरपंच वीरेंद्र शर्मा ने रामनिवास डांगी के घर के पास इस बोरिंग का उद्घाटन किया। सरपंच विरेन्द्र पंडित ने बताया कि इस नई बोरिंग से आने वाले समय में गांव में पेयजल संकट से काफी हद तक निजात मिलेगी। हालांकि गांव में पहले से भी बोरिंग जैसे जल स्रोत मौजूद हैं, लेकिन बढ़ती गर्मी और गिरते भूजल स्तर को देखते हुए अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत का प्रयास है कि एक भी परिवार पानी की किल्लत से परेशान न हो। ग्रामीणों के अनुसार सरपंच वीरेंद्र शर्मा अपने निजी कोष से भी लगातार समाजसेवा के कार्य करते रहते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल के क्षेत्र में उनके प्रयासों के चलते वे क्षेत्र के चर्चित और लोकप्रिय सरपंच के रूप में जाने जाते हैं। इस अवसर पर चौधरी अजमेर सिंह, यादवेन्द्र उपाध्याय, शेरसिंह चौधरी, लीलाराम



चौधरी, हरिसिंह चौधरी, डॉ. फुलसिंह चौधरी, पूर्व सरपंच रामकुमार, राजेन्द्र मास्टर, राजेन्द्र गुप्ता, विरेंद्र चौधरी, जगत पटेल, मुकेश पटेल, थानेदार सुरताराम खैरीया, राहुल चौधरी, उमेद चौधरी, कपूर डांगी, हिमांशु चौधरी, रामनिवास डांगी, रणधीर डांगी, अमित चौधरी, कप्तान सिंह, कर्मवीर सैन, जसवीर चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें। ग्रामीणों ने सरपंच के इस प्रयास की सराहना की और आभार जताया।

## पीजी संचालक से रंगदारी मांगने वाला विक्रम उर्फ लादेन गिरफ्तार

### :पपला गुर्जर का पूर्व दुश्मन और बाद में साथी रहा आरोपी, हरियाणा की चिकू गैंग से भी जुड़े तार

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** जयपुर पुलिस की सीएसटी टीम ने ऑपरेशन गैंग माफिया के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए पीजी संचालक से रंगदारी मांगने और हाथ-पैर तुड़वाने की धमकी देने वाले कुख्यात अपराधी विक्रम गुर्जर उर्फ लादेन को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को आरोपी को पुलिस थाना शिप्रापथ क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दबोचा गया। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बयाता कि गिरफ्तार आरोपी विक्रम गुर्जर उर्फ लादेन पुत्र हंसराज गुर्जर निवासी पहाड़ी, थाना सदर बहरोड़ का रहने वाला है। आरोपी का आपराधिक इतिहास बेहद गंभीर है और उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, जमीनों पर कब्जा, भय पैदा कर वसूली, सरकारी कर्मचारियों से मारपीट, अवैध हथियार रखने सहित करीब तीन दर्जन संगीन मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी राजस्थान के टॉप-10 हार्डकोर अपराधियों में शामिल माना जाता है। पुलिस जांच में सामने आया कि विक्रम उर्फ लादेन पहले कुख्यात गैंगस्टर पपला गुर्जर का दुश्मन था, लेकिन बाद में उसका करीबी बन गया। इसके अलावा वह हरियाणा की चिकू गैंग का भी सदस्य रह चुका है।

## गढ़हिम्मतसिंह में रात का 'जंगलराज', युवक को पेड़ से बांधकर पीटा, कार फोड़ी, सोने की चेन और नकदी लूटने का आरोप,मामला दर्ज

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** जब कानून का डर मिटने लगे तो सड़कें भी जंग का मैदान बन जाती हैं ', थाना क्षेत्र के गांव गढ़हिम्मतसिंह में शनिवार देर रात ऐसा ही सनसनीखेज घटनाक्रम सामने आया, जहां रास्ता रोककर एक युवक को पहले कार से घसीटकर बाहर निकाला गया, फिर नीम के पेड़ से बांधकर बेरहमी से पीटा गया। इतना ही नहीं, कार में जमकर तोड़फोड़ की गई और युवक के गले से सोने की चेन तथा जेब में रखी नकदी छीन लेने का भी आरोप लगाया गया है। घटना के बाद गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। पुलिस के अनुसार गढ़हिम्मतसिंह निवासी प्रेमदेवी पत्नी सोहनसिंह मीना ने थाना मण्डावर में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसका पुत्र कृष्ण कुमार 24 मई की रात करीब 11 बजे रिश्तेदार की अर्टिगा कार लेकर मण्डावर से गांव लौट रहा था। आरोप है कि गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के पास एक स्विफ्ट डिजायर कार बीच रास्ते में खड़ी मिली, जिसमें पहले से कई लोग सवार थे। जैसे ही कृष्ण कुमार वहां पहुंचा, आरोपियों ने अचानक घेराबंदी कर हमला बोल दिया। रिपोर्ट में बताया गया कि वहां मौजूद राजेंद्र बैरवा ने डंडे से अर्टिगा कार के अगले शीशे पर वार कर उसे चकनाचूर कर दिया। इसके बाद महेश, लालाराम, सुरेंद्र और लक्की सहित अन्य लोगों ने लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर पीछे का शीशा भी तोड़ डाला। वहीं कुछ महिलाओं द्वारा भी कार पर पथराव किए जाने का आरोप लगाया गया है, जिससे वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने कृष्ण कुमार को कार से बाहर खींचकर जमीन पर पटक दिया और लाठी-डंडों, घूंसों व लातों से बेरहमी से मारपीट की। हमले में युवक के शरीर पर गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि इसी दौरान एक आरोपी ने युवक के गले से सोने की चेन तोड़ ली, जबकि दूसरे ने जेब में रखे करीब 18 हजार रुपए निकाल लिए। मामला यहीं नहीं रुका। रिपोर्ट में बताया गया कि सभी आरोपियों ने एकराय होकर युवक को पास ही खड़े नीम के पेड़ से रस्सियों से बांध दिया और काफी देर तक पीटते रहे। काफी समय तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। सूचना मिलने पर गांव के राजेश मीना और दीपक चौबदार मौके पर पहुंचे तो कृष्ण कुमार को घायल हालत में पेड़ से बंधा पाया। आरोप है कि बीच-बचाव करने पर आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। इस दौरान राजेश के कान, सिर और आंख के पास गंभीर चोटें आईं, वहीं उनसे मोबाइल और नकदी छीन लेने का भी आरोप लगाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा मिलने पर मण्डावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को आरोपियों के कब्जे से छुड़ाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मण्डावर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार कराया गया। पुलिस दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को थाने ले आई। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी पक्ष ने झूठे मुकदमे में फंसाने की नीयत से अपनी कार में खुद तोड़फोड़ कर घटना को मोड़ने का प्रयास किया। पुलिस ने कुछ नामजद युवकों सहित कई लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव में घटना के बाद तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। 'जुल्म जब हद पार करता है तो इंसाफ की दस्तक और तेज हो जाती है ', गढ़हिम्मतसिंह की यह वारदात अब पूरे इलाके में कानून-व्यवस्था और बढ़ती दबंगई को लेकर बड़े सवाल खड़े कर रही है।

### उपायुक्त अनुपमा अंजली ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

## एसआईआर-2026 के लिए जल्द बीएलए नियुक्त करें सभी राजनीतिक दल

**मतदाताओं की सहायता और जानकारी के लिए जिला स्तर पर टोल फ्री नंबर 01282-1950 शुरू**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।**

निष्पक्ष व त्रुटिहीन मतदाता सूची तैयार करने के लिए सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि जल्द से जल्द अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) नियुक्त करें। चुनाव प्रक्रियाओं को पारदर्शी व सुगम बनाने में सभी की अहम् भूमिका होती है। यह बात उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपमा अंजली ने मंगलवार को लघु सचिवालय के मीटिंग हॉल में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर-2026) के संबंध में आयोजित बैठक में कही। डीसी ने स्पष्ट किया कि नियुक्त किया जाने वाला बूथ लेवल एजेंट अनिवार्य रूप से उसी संबंधित बूथ का मतदाता होना चाहिए, ताकि वह स्थानीय स्तर पर सही सत्यापन में सहयोग कर सके।

उपायुक्त ने बताया कि विशेष गहन संशोधन के लिए पात्रता तिथि एक जुलाई निर्धारित की गई है। इसके सफल क्रियान्वयन के लिए 5 जून से 14 जून तक संबंधित अधिकारियों और चुनाव अमले को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। 15 जून से 14 जुलाई तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करेंगे। साथ ही 14 जुलाई तक जिले के मतदान केन्द्रों का रैशनलाइज़ेशन (युक्तिकरण) कार्य पूरा किया जाएगा। 21 जुलाई को मतदाता सूचियों का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई से 20 अगस्त तक इस अवधि के दौरान मतदाता सूची को लेकर दावे तथा आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। साथ ही 21 जुलाई से 18 सितंबर तक प्राप्त हुई सभी आपत्तियों और दावों का निपटारा किया जाएगा। 22 सितंबर को मतदाता सूचियां का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जिला में एसआईआर से संबंधित जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 01282-1950 शुरू कर दिया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन तहसीलदार सुरेंद्र, बीजेपी जनप्रतिनिधि सुशील चौटाला, नरेंद्र सिंह, योगदत व राजेंद्र कुमार, कांग्रेस जन प्रतिनिधि मनजीत कुमार, जेजेपी जनप्रतिनिधि वीरेंद्र, इनेलो जनप्रतिनिधि विजय सैनी मौजूद थे।

## सवामणी में व्यस्त परिवार का सूना घर बना वारदात का अड्डा, महिलाओं से जबरदस्ती का प्रयास, युवक को पीटा

**देर रात घुसे 8-10 युवकों पर छेड़छाड़, जातिसूचक गालियां और मारपीट का आरोप, एक आरोपी ग्रामीणों के हत्थे चढ़ा।**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** थाना क्षेत्र में धार्मिक आयोजन के दौरान सूना पड़ा घर देर रात बदमाश युवकों की करतूत का निशाना बन गया। परिवार के लोग गाँव में चल रहे सवामणी कार्यक्रम में शामिल थे, तभी मौका पाकर 8-10 अज्ञात युवक गलत नीयत से घर में घुस गए। घर पर मौजूद महिलाओं के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया गया। विरोध करने पर महिलाओं से गाली-गलौच करते हुए जातिसूचक शब्द बोले गए और उन्हें शारीरिक बलपूर्वक काबू करने की कोशिश की गई। बीच-बचाव में आए युवक के साथ भी आरोपियों ने जमकर मारपीट कर दी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी भागने लगे, लेकिन ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार घटना उस समय हुई जब परिवार के सदस्य गाँव मे ही धार्मिक आयोजन में मौजूद थे और घर पर दो महिलाएं जरूरी सामान लेने पहुंची थीं। इसी दौरान कुछ युवक मकान में घुस आए और महिलाओं को अकेला पाकर अशोभनीय हरकतें शुरू कर दीं। महिलाओं द्वारा विरोध करने और शोर मचाने पर घर के अंदर सो रहा युवक बाहर आया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी। घटना से इलाके में देर रात अफरा-तफरी का माहौल बन गया और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए। पीड़िता की ओर से थाने में दी गई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने महिलाओं की अस्मिता से खिलवाड़ करने का प्रयास किया तथा जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच मंडावर थाने के एएसआई वीरेन्द्र सिंह को सौंप दी है। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है और क्षेत्र में देर रात सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

## महिला सुरक्षा टीम द्वारा छात्र-छात्राओं व आमजन को किया जागरूक



**महिला विरुद्ध अपराध, साइबर सुरक्षा व हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** महिला सुरक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक मंजू सिंह के कुशल नेतृत्व में महिला सुरक्षा टीम द्वारा पपीहा पार्क, एमएम कॉलेज तथा लाल बत्ती चौक फतेहाबाद में जागरूकता अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं एवं आमजन को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध तथा सामाजिक जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अभियान के दौरान महिला सुरक्षा टीम ने छात्राओं एवं महिलाओं को महिला विरुद्ध अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, पीछा करना, साइबर उत्पीड़न या अन्य अपराध होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। टीम ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जागरूकता ही अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। महिला सुरक्षा टीम ने युवाओं को सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने के लिए भी जागरूक किया। उन्हें बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति से सोशल मीडिया पर दोस्ती करने, निजी जानकारी साझा करने या संदिग्ध लिंक खोलने से बचें। साइबर ठगी, फर्जी कॉल, ऑनलाइन फ्रॉड तथा डिजिटल गिरफ्तारी जैसे साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई।

इसके अलावा टीम द्वारा महिला हेल्पलाइन नंबर 1091, आपातकालीन सेवा 112 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी दी गई, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके। छात्र-छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने तथा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर परिवार और पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। महिला सुरक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक मंजू सिंह ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान का उद्देश्य समाज में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना तथा युवाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम लगातार जारी रहेंगे।

## जनगणना अभियान में फतेहाबाद बना प्रदेश का सिरमौर -31 मई की समयसीमा से पांच दिन पहले पूरी हुई घर-घर गणना

**डीसी डॉ. विवेक भारती के नेतृत्व में प्रशासनिक समन्वय और जनसहयोग की बनी मिसाल**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** जनगणना के तहत चल रहे घर-घर गणना अभियान में फतेहाबाद जिला ने पूरे हरियाणा में अपनी अलग पहचान बनाई है। जिला प्रशासन ने निर्धारित समय सीमा 31 मई से पांच दिन पहले ही शत-प्रतिशत गणना कार्य पूरा कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि ने न केवल जिला की प्रशासनिक कार्यक्षमता को प्रमाणित किया है, बल्कि यह भी दर्शाया है कि योजनाबद्ध रणनीति, कर्मचारियों की मेहनत और जनता के सहयोग से किसी भी बड़े लक्ष्य को समय से पहले प्राप्त किया जा सकता है।एक मई से शुरू हुआ था विशेष अभियान, आठ जोन बनाकर की गई सुनियोजित मॉनिटरिंग ,डीसी डॉ. विवेक भारती के निर्देशन में एक मई से जिलाभर में घर-घर गणना अभियान शुरू किया गया था। अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए पूरे जिला को आठ जोन में विभाजित किया गया। प्रत्येक जोन में चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति की गई, जिनके अधीन सुपरवाइजर और प्रगणकों की टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय रहीं।प्रशासन द्वारा प्रतिदिन कार्य की समीक्षा की गई तथा प्रगति पर लगातार



नजर रखी गई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्व निभाए, जिसके चलते यह कार्य तय समय से पहले ही पूरा हो गया।

### 1790 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में हुआ सर्वे कार्य

घर-घर गणना अभियान के तहत जिला में कुल 3 लाख 44 हजार 506 घरों की गणना की गई। इसके लिए 1790 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाए गए थे तथा प्रत्येक ब्लॉक पर एक प्रगणक नियुक्त किया गया था। सबसे अधिक 736 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक फतेहाबाद तहसील चार्ज ऑफिसर के अंतर्गत बनाए गए। इसके अलावा टोहाना तहसील में 347, तहसील रतिया में 238.

## महेंद्रगढ़ में 11 हजार बिजली लाइन में लगी आग

### 2 क्विंटल लकड़ी जली, बड़ा हादसा टला; फायर ब्रिगेड ने 20 मिनट में पाया काबू

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**महेंद्रगढ ।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ में 11 हजार वोल्ट की बिजली केबल में फॉल्ट होने से आग लग गई। इस घटना में पास रखी लगभग दो क्विंटल लकड़ी जलकर राख हो गई। समय रहते फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। यह घटना महेंद्रगढ़-सतनाली रोड पर गांव खायरा की बनी के पास हुई। गांव खायरा निवासी भाग सिंह और संदीप ने बताया कि उनके ट्यूबवेल और मकान के पास से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन में अचानक फाल्ट हो गया। इस लाइन के नीचे अमित राजकुमार के खेत में रखी लगभग दो क्विंटल लकड़ी जलकर राख हो गई। आग उनके मकान तक पहुंचने वाली थी।



# राजनीतिक दल बूथ स्तर पर करें बीएलए की नियुक्ति, एसआईआर कार्य में आएगी पारदर्शिता व तेजी: डीसी डॉ. विवेक भारती

**बीएलओ के साथ बीएलए को भी दिया जाएगा प्रशिक्षण, मतदाता सूची शुद्धिकरण में मिलेगी मदद**

**विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान(एसआईआर)-2026, में मतदान केंद्रों पर होगा सत्यापन कार्य**



भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डा. विवेक भारती ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आह्वान किया है कि वे प्रत्येक बूथ पर बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) की नियुक्ति सुनिश्चित करें, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर)-2026 के कार्य में पारदर्शिता और तेजी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है। डीसी मंगलवार को अपने कार्यालय में एसआईआर-2026 को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पुनरीक्षण अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सभी प्रक्रियाएं तय समय सीमा के भीतर पूरी की जाएंगी। डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए इस कार्य से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समयसीमा के अनुसार सभी प्रक्रियाएं पूरी की जाएं। उन्होंने बताया कि आगामी 5 जून से बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के प्रशिक्षण और गणना पत्रकों की प्रिंटिंग का कार्य शुरू किया जाएगा। इसके बाद 15 जून से सभी पात्र मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरित किए जाएंगे और मतदाताओं से विधिवत भरवाकर 14 जुलाई तक वापस एकत्रित किए जाएंगे।

# टोहाना थाना शहर पुलिस की कार्रवाई : मोटरसाइकिल चोरी मामले में तीन आरोपी काबू

**आरोपियों को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेजा गया**

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।

**रजत विजय रंगा ।** थाना शहर टोहाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए नरवाना के नारनगढ़ निवासी निर्मल सिंह पुत्र राजकुमार तथा जींद के कलवान निवासी अजय पुत्र भगवान और विक्रम उर्फ विक्की पुत्र सुरजीत को काबू किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता टोहाना के नया बाजार निवासी मोहरलाल पुत्र देवीदयाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह 24 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 5:30 बजे अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर हिसार रोड स्थित टाउन पार्क में सैर करने गया था। पार्क के बाहर मोटरसाइकिल खड़ा कर वह सैर करने चला गया। वापस आने पर उसका मोटरसाइकिल वहां से गायब मिला। शिकायतकर्ता ने अपने स्तर पर



काफी तलाश की, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं लग पाया। शिकायत के आधार पर थाना शहर टोहाना में अभियोग संख्या 133 दिनांक 08.05.2026 धारा 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मामले के अनुसंधान के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को काबू किया। मामले की आगामी जांच जारी है।

## खेतड़ी में पेड़ों की अवैध कटाई का विरोध

# ग्रामीणों ने शुरू किया जनजागृति अभियान, पोस्टर के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

भीम प्रज्ञा न्यूज

**खेतड़ी ।** खेतड़ी कस्बे में तहसील कार्यालय के सामने हरे पेड़ों की अवैध कटाई के विरोध में ग्रामीणों ने जनजागृति अभियान शुरू किया है। इस दौरान ग्रामीणों ने पोस्टर और बैनर के माध्यम से आमजन को पेड़ों के प्रति जागरूक किया। जानकारी के अनुसार, तहसील कार्यालय के सामने कई वर्ष पुराने पेड़ लगे हुए थे। तीन दिन पहले कुछ लोगों ने इन पेड़ों को काट दिया। पेड़ों की कटाई की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया था।



**'मुझे मत काटो, मुझे जीने दो' अभियान चलाया -** पर्यावरण संरक्षण को लेकर ग्रामीणों ने 'मुझे मत काटो, मुझे जीने दो' मुहिम के तहत यह अभियान चलाया। उनका कहना है कि एक तरफ सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाने को प्रेरित कर रही है, वहीं कुछ लोग निजी फायदे के लिए पेड़ों की कटाई कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

**पेड़ों की कटाई से पर्यावरण संकट -** अभियान में शामिल डॉ. मोहित सक्सेना ने बताया कि पेड़ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ मानव जीवन के लिए भी बेहद जरूरी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि लगातार बढ़ती पेड़ों की कटाई भविष्य में गंभीर पर्यावरणीय संकट पैदा कर सकती है। उन्होंने हर व्यक्ति से पेड़ बचाने और नए पौधे लगाने की अपील की।

**कार्रवाई की मांग -** ग्रामीणों ने प्रशासन से पेड़ों की अवैध कटाई करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। विरोध प्रदर्शन की सूचना पर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी और तहसीलदार सुनील कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और मामले में जानकारी जुटाकर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर पर्यावरण प्रेमी गोपाल कृष्ण शर्मा, गोकुल चंद सैनी, चंदगीराम सैनी, संजय सुरोलिया, निकेश पारीक, संदीप योगी, अशोक तूनवाल, विनोद शर्मा, भूपेंद्र सोढा, मनोज मेहरड़ा, हिमांशु कुमावत, योषित सक्सेना, अनिका सक्सेना सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# खैरथल-तिजारा में 'मुख्यमंत्री विकसित शहरी वार्ड अभियान' के तहत फाइनल मास्टर प्लान को मिली मंजूरी

भीम प्रज्ञा न्यूज.खैरथल-तिजारा।

**रमेश चन्द ।** 'मुख्यमंत्री विकसित शहरी वार्ड अभियान' के तहत सोमवार को नगर परिषद सभागार में वार्ड सभाओं का आयोजन कर वार्डों से संबंधित बेसलाइन डाटा एवं एस्पिरेशन डाटा के सत्यापन और अंतिम अनुमोदन की प्रक्रिया पूरी की गई। आयुक्त मुकेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित वार्ड सभा में वार्ड संख्या 01 से 45 तक के स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं हितधारकों ने भाग लिया। बैठक में मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2026-27 के बिंदु संख्या 56 के अंतर्गत संचालित 'मुख्यमंत्री विकसित शहरी वार्ड अभियान' के तहत पूर्व में एकत्रित जनसांख्यिकीय आंकड़े, आर्थिक गतिविधियां, बुनियादी सुविधाएं तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक जानकारी की विस्तार से समीक्षा की गई। पोर्टल पर दर्ज बेसलाइन डाटा और एस्पिरेशन डाटा की शुद्धता एवं विश्वसनीयता की जांच के बाद आवश्यक संशोधनों पर चर्चा कर फाइनल मास्टर प्लान का अनुमोदन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि वार्ड



स्तर पर प्राप्त सुझावों एवं टिप्पणियों के आधार पर डाटा को अद्यतन कर अंतिम रूप दिया जाएगा, जिससे आगामी शहरी विकास योजनाओं को अधिक प्रभावी और जनहितकारी बनाया जा सके। इस अवसर पर सहायक अभियंता भूपेंद्र गुर्जर, कनिष्ठ अभियंता मोतीलाल वर्मा, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, बदलू राम जाटव, तरुण दुलानी, राजकुमार जाटव, बलविंदर सिंह, डॉ. अनिल माँधू, भगवान दास, विपिन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# थाना शहर टोहाना पुलिस की कार्रवाई : 8.30 ग्राम हेरोइन सहित एक आरोपी काबू

**पुलिस की नाकाबंदी के दौरान आरोपी से हेरोइन बरामद**

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।

**रजत विजय रंगा ।** थाना शहर टोहाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए किल्ला मोहल्ला टोहाना निवासी चन्द्रप्रकाश उर्फ भावु पुत्र सुभाष को 8.30 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं अपराध जांच के दौरान नया बस अड्डा टोहाना क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि किल्ला मोहल्ला निवासी चन्द्रप्रकाश उर्फ भावु हेरोइन बेचने का काम करता है तथा



भुना रोड टोहाना क्षेत्र में किसी व्यक्ति को हेरोइन सप्लाई करने के लिए आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर नाकाबंदी शुरू कर दी। नाकाबंदी के दौरान एक युवक पुलिस टीम को देखकर घबराकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे शक के आधार पर काबू किया गया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान किल्ला मोहल्ला टोहाना निवासी चन्द्रप्रकाश उर्फ भावु पुत्र सुभाष के रूप में बताई। नियमानुसार तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 8.30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना शहर टोहाना में अभियोग संख्या 152 दिनांक 25.05.2026 धारा 21B-61-85 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है।

# पुरानी रंजिश की चिंगारी बनी खूनी संग्राम, पाखर-चौड़ाकी में परिवार पर तलवार-लाठियों से हमला, पथराव से दहला गांव,मामला दर्ज

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर

**मनोज खंडेलवाल ।** जब बैर पुराना हो जाए तो चिंगारी भी शोला बन जाती है ', मंडावर थाना क्षेत्र के पाखर-चौड़ाकी गांव में बुधवार सुबह ऐसा ही खूनी मंजर देखने को मिला, जब पुरानी रंजिश को लेकर आधा दर्जन लोगों ने एक परिवार पर एकराय होकर जानलेवा हमला बोल दिया। तलवारें लहराईं, लाठियां बरसीं और पत्थरों की बौछार के बीच गांव की गलियां चीख-पुकार से गूंज उठीं। हमले में एक ही परिवार के कई लोग घायल हो गए, वहीं महिलाओं तक को नहीं बख्शा गया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस के अनुसार पाखर-1 निवासी गिर्राज मीना ने थाना मण्डावर में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 21 मई की सुबह करीब साढ़े आठ बजे गांव के ही अजय, सत्यवीर, पूनम, प्रवेश, सागर और उम्मेद मीना ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके परिवार पर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपी तलवार,फर्सी, लाठी-डंडे और पत्थर लेकर आये तथा आते ही गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए हमले से परिवार संभल भी नहीं पाया और देखते ही देखते पूरा घर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। रिपोर्ट में बताया गया कि हमले के दौरान योगेश मीना के होंठ और दांत पर गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंचे गिर्राज मीना पर पीछे से लाठी से वार किया गया, जिससे वह जमीन पर गिर पडा। आरोप है कि उसकी पत्नी लक्ष्मी के साथ भी मारपीट की गई और कानों से कुंडल तोड़कर ले गए। 'जुल्म जब हद से गुजरता है तो आवाज बनता है ', इसी चीख-पुकार के बीच ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मामला यहीं नहीं थमा। कुछ देर बाद आरोपी दोबारा घर पहुंचे और पुत्री पूजा व भाई लखन के साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट कर दहशत फैला दी। घटना के बाद घायल परिजन थाना मण्डावर पहुंचे, जहां पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाकर प्राथमिक उपचार कराया। पीड़ित परिवार ने जान-माल का खतरा बताते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इधर, थाना मण्डावर पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पाखर-चौड़ाकी की यह वारदात फिलहाल पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# लंबित भुगतान, डीजल संकट और महंगी ईंटों पर मांगा समाधान

**ठेकेदार यूनियन ने सरकारी काम प्रभावित होने की दी चेतावनी**

भीम प्रज्ञा न्यूज

**हनुमानगढ़ ।** हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर संयुक्त ठेकेदार यूनियन ने मंगलवार को एडीएम को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इसमें लंबित भुगतान, डीजल संकट और ईंटों की बढ़ती कीमतों जैसी समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो सरकारी निर्माण कार्य प्रभावित हो सकते हैं। पीडब्ल्यूडी यूनियन अध्यक्ष सुरेंद्र रेवाड़, सीएडी अध्यक्ष पवन सहारण और डब्ल्यूआरडी अध्यक्ष मोहन नैन ने बताया कि मार्च 2026 के बाद विभिन्न विभागों में हुए अधिकांश निर्माण कार्यों का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। विभागों द्वारा बिल कोष कार्यालय भेजे जाने के बावजूद, ईसीएस प्रक्रिया लगभग तीन महीने से लंबित है। इससे ठेकेदारों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है और बाजार में उनकी साख प्रभावित हो रही है।

**ईएमडी धरोहर राशि, एसडी भुगतान भी समय पर नहीं मिल रहा -** ठेकेदारों ने यह भी बताया कि ईएमडी धरोहर राशि और एसडी भुगतान भी समय पर जारी नहीं किए जा रहे हैं। यूनियन ने मांग की है कि ईसीएस भुगतान के लिए एक निश्चित समय सीमा तय की जाए, ताकि ठेकेदारों को समय पर राशि मिल सके। उन्होंने गंग कैनाल परियोजना का उदाहरण देते हुए कहा कि कार्य पूरा होने के 6 महीने बाद भी भुगतान जारी नहीं हुआ है, जबकि मार्च तक भुगतान का आश्वासन दिया गया था।

**डीजल संकट का मुद्दा भी उठाया -** ज्ञापन में डीजल संकट का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। यूनियन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और युद्ध जैसे हालात के कारण डीजल का वितरण सीमित हो गया है। छोटे ठेकेदारों को प्रतिदिन 250 से 300 लीटर डीजल की आवश्यकता होती है, लेकिन पर्याप्त आपूर्ति न मिलने से मशीनरी का संचालन और परिवहन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। यूनियन ने मांग की है कि डीजल आपूर्ति सामान्य होने तक निर्माण कार्यों की समयावधि बिना किसी पेनल्टी के बढ़ाई जाए।

# जिला जल एवं सीवरेज मिशन की 6वीं बैठक आयोजित, नई पेयजल नीति-2026 लागू करने के निर्देश

भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।

जल जीवन मिशन 2.0 के तहत जिला जल एवं सीवरेज मिशन, जिला महेन्द्रगढ़ की छठी बैठक मंगलवार को नारनौल स्थित लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में ग्रामीण पेयजल व्यवस्थाओं के संचालन एवं रखरखाव के लिए नई संचालन एवं रखरखाव नीति-2026 को लागू करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार ने सभी अधिकारियों एवं सदस्यों के स्वागत के साथ की। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार सरकारी-जन भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामीण पेयजल व्यवस्थाओं को पंचायतों को सौंपकर उन्हें और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। बैठक में जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नई नीति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस नीति का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति का सतत एवं निर्बाध संचालन सुनिश्चित करना, जल गुणवत्ता एवं नियमित आपूर्ति बनाए रखना तथा सरकार और समुदाय की भागीदारी को मजबूत करना है। अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया ने पंचायत एवं



विकास विभाग को निर्देश दिए कि 15 जून तक संबंधित ग्राम पंचायतों की ग्राम सभाओं की बैठक आयोजित कर प्रस्ताव पारित करवाए जाएं तथा इंडियन बैंक में खाते खुलवाने की प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को ग्राम पंचायतों के साथ एमओयू प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में बताया गया कि जिले की 40 ग्राम पंचायतों, जो सिंगल विलेज स्कीम के अंतर्गत आती हैं, के साथ विभागीय एमओयू साइन किए जाएंगे। योजना को दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में सिंगल पंचायत मेंटेनेंस योजना वाली पंचायतों को शामिल किया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में बहु-ग्रामीण पंचायतों को जोड़ा जाएगा। नई ऑपरेशनल पॉलिसी के तहत प्रत्येक 500 घरों पर एक महिला को पेयजल कनेक्शन, पानी के नमूने लेने, बिल भरवाने एवं अन्य कार्यों की जिम्मेदारी दी जाएगी। 500 से अधिक घर होने पर दो महिलाओं की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। पंचायतों द्वारा पांच सदस्यीय ग्राम जल एवं सीवरेज समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जेई, ग्राम सचिव, पंप ऑपरेटर एवं जागरूक नागरिक शामिल होंगे। समितियां नई पाइपलाइन बिछाने, मरम्मत कार्य, पेयजल आपूर्ति की निगरानी एवं संचालन जैसे कार्य करेंगी। साथ ही अवैध एवं दूषित पानी के कनेक्शन काटने, अनियमित कनेक्शनों को नियमित कराने तथा नियम उल्लंघन पर जुर्माना एवं एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई भी कर सकेंगी।अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि नई नीति से ग्रामीण स्तर पर पेयजल संबंधी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर संभव होगा और पंचायतों को वित्तीय राहत भी मिलेगी। बैठक में अधीक्षक अभियंता एस.पी. जोशी, कार्यकारी अभियंता अमित जैन, कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार, महिला एवं बाल विकास विभाग से राधा यादव, जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बीआरसी उपस्थित रहे।

# डीसी अनुपमा अंजली ने ली जिला स्तरीय एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन समिति की बैठक

## सेक्टर-1 में सुविधाओं का खुद निरीक्षण करने पहुंची उपायुक्त

## ड्रेनेज सिस्टम की मिसिंग पाइप लाइनों को डालने के निर्देश

भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।

उपायुक्त अनुपमा अंजली ने आज लघु सचिवालय में जिला स्तरीय एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन समिति की बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने एचएसवीपी सेक्टर की सुविधाओं को लेकर भी आरडब्ल्यूए की समस्याएं सुनी। इसके बाद उपायुक्त ने अधिकारियों को साथ लेकर खुद सेक्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शहर को साफ-सुथरा



रखना और कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करना सरकार तथा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। ऐसे में इस मामले में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने सेक्टर-1 में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ लंबित पड़े मुद्दों का जल्द से जल्द समाधान निकालने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार आम जनता की सुविधाओं से जुड़े कार्यों को समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए ताकि स्थानीय निवासियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने ड्रेनेज सिस्टम की मिसिंग पाइपलाइन को मैप पर देखा तथा सभी मिसिंग लाइनों को जल्द से जल्द डालने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मौजूद रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त के सामने सेक्टर की समस्याओं को रखा। इस पर संज्ञान लेते हुए डीसी ने अधिकारियों को बारिश के मौसम से पहले सीवरेज व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त करने और सभी नालियों की सफाई करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पार्कों में पानी भरने की समस्या पर उपायुक्त ने अधिकारियों को इसका स्थाई समाधान खोजने को कहा, ताकि जनता को परेशानी न हो। इसके साथ ही उन्होंने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) पर पहुंचकर कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि एसटीपी को पूरी क्षमता और सुचारू रूप से चलाया जाए ताकि अपशिष्ट पानी का सही तरीके से निपटान हो सके। आमजन की सुरक्षा के मद्देनजर उपायुक्त ने अधिकारियों को अगले तीन दिन के भीतर सेक्टर के सभी मैनहोल पर ढक्कन लगाने के निर्देश दिए। जिला परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने बैठक में बताया कि शहर के विकास कार्यों के लिए हाउस की बैठक इसी सप्ताह बुलाई जाएगी। इस दौरान एसडीएम नारनौल अनिरुद्ध यादव, सीईओ जिला परिषद निर्मल नागर, डीएमसी रणवीर सिंह, डीएसपी भारत भूषण के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### पाटीदार का कैच छोड़ना गुजरात को पड़ा महंगा

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अपने खिताब का बचाव करने से अब एक कदम दूर



## स्कोर बोर्ड

| बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| वेंकटेश कॉट गिल बो.रबाडा | 19 | 7 | 3 | 1 |
| कोहली बो.होल्डर | 43 | 25 | 5 | 1 |
| पडिक्कल कॉट बटलर बो.होल्डर | 30 | 19 | 5 | 0 |
| पाटीदार नाबाद | 93 | 33 | 5 | 9 |
| क्रुणाल कॉट सुदर्शन बो.रबाडा | 43 | 28 | 5 | 2 |
| डेविड बो.कृष्णा | 4 | 5 | 0 | 0 |
| जितेश नाबाद | 15 | 5 | 1 | 1 |

**अतिरिक्त:** 7, कुल रन: 254-5 (20.0)बल्लेबाजी नहीं की: भुवनेश्वर,हेजलवुड, डफी, रसिख,शेफर्ड
विकेट पतन: 21-1,93-2,94-3,189-4,214-5.
गेंदबाज- सिराज: 3-0-46-0, रबाडा: 4-0-54-2, होल्डर: 4-0-39-2, राशिद: 3-0-29-0,कृष्णा: 4-0-53-1,कुलवंत: 2-0-31-0.

| गुजरात | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन हिट विकेट बोण्ल्ड डफी | 14 | 9 | 3 | 0 |
| गिल बो. भुवनेश्वर | 2 | 7 | 0 | 0 |
| बटलर बो.हेजलवुड | 29 | 11 | 4 | 2 |
| सिंधु कॉट एंड बो.रसिख | 5 | 3 | 1 | 0 |
| सुंदर कॉट हेजलवुड बो. डफी | 8 | 8 | 1 | 0 |
| होल्डर कॉटहेजलवुड बो.रसिख | 0 | 3 | 0 | 0 |
| तेवतिया कॉट पाटीदार बो.भुवनेश्वर | 68 | 43 | 8 | 4 |
| राशिद कॉट जितेश बो.डफी | 8 | 9 | 0 | 1 |
| रबाडा कॉट कोहली बो. क्रुणाल | 9 | 5 | 2 | 0 |
| सिराज कॉट डेविड बो.क्रुणाल | 5 | 13 | 1 | 0 |
| कृष्णा नाबाद | 6 | 7 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त:** 8, कुल: 162-10 (19.3).
**बल्लेबाजी नहीं की:** कुलवंत
**विकेट पतन:** 17-1,27-2,51-3,51-4,51-5,65-6,78-7,88-8,156-9,162-10. गेंदबाज- डफी: 4-0-39-3, भुवनेश्वर: 4-0-28-2, हेजलवुड: 4-0-39-1,रसिख: 3-1-24-2, क्रुणाल: 3.3-0-16-2,शेफर्ड: 1-0- 15-0

● धर्मशाला

गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम गुजरात टाइटंस को 92 रनों से हराकर लगातार दूसरी बार आईपीएल के फाइनल में पहुंच गई है। आरसीबी ने कप्तान रजत पाटीदार की विस्फोटक पारी से 20 ओवर में पांच विकेट पर 254 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम 19.3 ओवर में 162 रन पर ऑलआउट हो गई। गुजरात के पास हालांकि, अभी भी फाइनल में जाने का एक मौका है। टीम अब हैदराबाद और राजस्थान के बीच बुधवार को होने वाले एलिमिनेटर की विजेता टीम से शुक्रवार को क्वालिफायर-2 में भिड़ेगी।पांचवीं बार फाइनल में आरसीबी

आरसीबी ने इस तरह कुल पांचवीं बार आईपीएल के फाइनल में जगह बनाई है। टीम इससे पहले, 2009, 2011, 2016 और 2025 में फाइनल में पहुंची थी। टीम ने पिछले सीजन पंजाब किंग्स को हराकर खिताब अपने नाम किया था और टीम खिताब का बचाव करने से एक कदम दूर

### गुजरात ने पावरप्ले में गंवाए पांच विकेट

लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने पावरप्ले में पांच विकेट गंवा दिए। साई सुदर्शन के रूप में गुजरात टाइटंस को पहला झटका लगा। दिलचस्प बात यह है कि सुदर्शन अजीब तरीके से आउट हुए। जैकब डफी की गेंद पर सुदर्शन ने शॉट खेला, लेकिन बल्ला उनके हाथ से छूट गया और सीधे स्टंप पर जा लगा। इस तरह वह हिट विकेट होकर पवेलियन लौटे। सुदर्शन ने नौ गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 14 रन बनाए।

है। दूसरी ओर, गुजरात के लिए इस मैच में कुछ अच्छा नहीं रहा। टीम के गेंदबाज जहां महंगे साबित हुए, वहीं बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप रही। इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे राहुल तेवतिया ने भले ही अर्धशतक लगाया, लेकिन टीम का अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। गुजरात की बल्लेबाजी इस मैच में इस कदर खराब रही कि टीम के आठ बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके।

### तेवतिया ने लगाया अर्धशतक

जोश हेजलवुड ने जोस बटलर को आउट कर गुजरात टाइटंस को तीसरा झटका दिया। बटलर 11 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 29 रन बनाकर आउट हुए। रासिख सलाम डार ने फिर गुजरात को दो झटके दिए। उन्होंने पहले निशांत सिंद्धू को आउट किया और फिर जेसन होल्डर को खाता खोले बिना पवेलियन भेजकर गुजरात की पारी लड़खड़ा दी। इसके बाद गुजरात की पारी नहीं संभल सकी और टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। हालांकि, आठ विकेट गिरने के बाद इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे राहुल तेवतिया ने मोर्चा संभाला और अर्धशतक लगाया।

### आरसीबी ने शुरुआत से दिखाई आक्रमकता

टॉस जीतकर गुजरात ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। आरसीबी के लिए वेंकटेश अय्यर और विराट कोहली ने शुरुआत से ही आक्रमकता दिखाई। वेंकटेश हालांकि, 19 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद कोहली और पडिक्कल ने टीम को संभाला। पावरप्ले में आरसीबी ने गुजरात के गेंदबाजों को अन्य कोई सफलता हासिल नहीं करने दी। आरसीबी ने पावरप्ले में एक विकेट पर 76 रन बनाए। ये आईपीएल के प्लेऑफ में पावरप्ले का चौथा सर्वोच्च स्कोर है। रबाडा ने अपने तेज और उछाल भरे स्पेल से कोहली को भी कड़ी चुनौती दी, लेकिन कोहली ने धैर्य और तकनीक के साथ खुद को संभालते हुए 43 रनों की तेज पारी खेली।

# राजस्थान और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच एलिमिनेटर में आज होगी आर-पार की जंग

### इस मैच की विजेता टीम जीटी से खेलेगी क्वालीफायर-2



● नई दिल्ली

ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन कर प्लेऑफ का टिकट कटाने वाली राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम बुधवार को एलिमिनेटर मुकाबले में एक दूसरे के सामने होंगी।

दोनों टीमों के लिए इस मैच में जीत दर्ज करना बेहद जरूरी है क्योंकि यहां अगर हारे तो फाइनल की उम्मीदें खत्म हो जाएंगी। एलिमिनेटर की विजेता का सामना क्वालिफायर-1 की हारने वाली टीम से शुक्रवार को होगा। इस मैच में सबसे दिलचस्प बात 15 साल के वैभव सूर्यवंशी और अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस का सामना करते हुए देखना होगा।

अपने विस्फोटक बल्लेबाजों की मौजूदगी से बेहद मजबूत नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी की तो उसे 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी और तेज तर्रार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से सावधान रहना होगा। सनराइजर्स की टूर्नामेंट की शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही थी, लेकिन उसने दूसरे चरण में लय हासिल कर ली। नियमित कप्तान पैट कमिंस के आने से भी टीम को काफी फायदा हुआ, क्योंकि उसने अपने इन आखिरी सात मैचों में से पांच में जीत हासिल की। सनराइजर्स ने लीग चरण में राजस्थान रॉयल्स को दो बार हराया था।

### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

**सनराइजर्स हैदराबाद**

अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), हेनरिच क्लासेन, सलिल अरोड़ा, समारन रविचंद्रन, नीतीश रेड्डी, पैट कमिंस (कप्तान), हर्षल पटेल, शिवांग कुमार, ईशान मलिंगा, साकिब हुसैन।

**राजस्थान रॉयल्स**

यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग (कप्तान), डोनोवान फरेरा, शुभम दुबे, दासुन शनाका, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, यश राज पुंजा, बृजेश शर्मा।

### वैभव-यशस्वी पर रहेगा राजस्थान रॉयल्स की जीत का दारोमदार



राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियाग पराग ने खुद स्वीकार किया कि उनकी टीम को लीग चरण के आखिरी दिन तक इंतजार करने से बहुत पहले ही क्वालिफाई कर लेना चाहिए था, लेकिन अब जबकि टीम वहां पहुंच गई है तब वह आगे बढ़ने के लिए बेताब होगी। रॉयल्स के शीर्ष क्रम में सूर्यवंशी (583 रन), यशस्वी जायसवाल (397) और ध्रुव जुरेल (458) ने सर्वाधिक रन बनाए हैं। बेखौफ बल्लेबाजी करने वाले सूर्यवंशी एक बार फिर कमिंस, ईशान मलिंगा (19) और साकिब हुसैन जैसे गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करने से नहीं हिचकिचाएंगे। अगर यह युवा बल्लेबाज पावरप्ले में अच्छी शुरुआत देता है तो वह विपक्षी टीम से मैच छिन सकता है। नांद्रे बर्गर और बृजेश शर्मा ने भी आर्चर का तेज गेंदबाजी विभाग में अच्छा साथ दिया है। युवा लेग-स्पिनर यश राज पुंजा अपने पहले आईपीएल सत्र में ही रवि बिश्नोई से आगे निकलकर प्रमुख स्पिनर के रूप में उभरे हैं, जबकि अनुभवी रवींद्र जडेजा को बल्ले और गेंद दोनों से और बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है।

# भारत दौरे के लिए अफगान टीम घोषित

### 6 जून को न्यू चंडीगढ़ में मुकाबला

● नई दिल्ली



बाएं हाथ के बल्लेबाज हसमतुल्लाह शाहिदी को मंगलवार को अफगानिस्तान की उस टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है जो भारत दौरे पर एक टेस्ट और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलने आएगी। भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट छह से 10 जून के बीच न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा। इसके बाद 12 जून से वनडे सीरीज की शुरुआत होगी।

**अफगानिस्तान टेस्ट टीम:** हसमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अब्दुल मलिक, सेदीकुल्लाह अटल, रहमत शाह, रहमानुल्लाह गुरबाज, रहमानुल्लाह जादरान, अफसर जाजई (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल, अजमतुल्लाह ओमरजई, शरफुद्दीन अशरफ, नांगयाल खारोटई, कैस अहमद, बिलाल समी, जिया शरीफी, सलीम सफी।

**वनडे टीम:** हसमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, सेदीकुल्लाह अटल, दरवाइश रसूली, रहमत शाह, इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), मोहम्मद नबी, अजमतुल्लाह ओमरजई, राशिद खान, नांगयाल खारोटई, एम गजनफर, जिया उर रहमान शरीफी, फरीद मलिक, बिलाल समी।


# सबालेंका की हुई शानदार शुरुआत

### सीधे सेटों में स्पेन की मानेरो को हराया

● पेरिस

फ्रेंच ओपन में मंगलवार को वर्ल्ड नंबर 1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने स्पेन की जेसिका बूजास मानेरो को 6-4, 6-2 से शिकस्त देकर अपने अभियान की शुरुआत जोरदार तरीके से की। यह मुकाबला 1 घंटे 15 मिनट तक चला। शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने कोर्ट फिलिप-चैट्रियर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए ग्रैंड स्लैम में पहले दौर में लगातार 22वीं जीत दर्ज की। सबालेंका क्ले-कोर्ट सीजन में कुछ उतार-चढ़ाव भरे प्रदर्शन के बाद पेरिस पहुंची थीं।

सबालेंका ने ओपन एरा में ''सनशाइन डबल'' हासिल करने वाली सिर्फ 5वीं महिला बनकर इतिहास रचा था। मैड्रिड में हेली बैपटिस्ट और रोम में सोराना सिर्स्टिया से हाल ही में मिली हार ने कुछ शंकाएं पैदा कर दी थीं। इसके अलावा, बूजास मानेइरो ग्रैंड स्लैम के शुरुआती दौर में उलटफेर करने वाली खिलाड़ी के तौर पर अपनी पहचान बना चुकी थीं। इस स्पेनिश खिलाड़ी ने साल 2024 में विंबलडन की मौजूदा चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को हराया था और पिछले साल रोलैंड गैरोस में एम्मा नवारो को भी चौंकाया था।



### पहले सेट में बनाई थी 4-0 की बढ़त

सबालेंका ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। पहले सेट में 4-0 की बढ़त बनाने के बाद सबालेंका ने दूसरे सेट में भी तेजी से आगे बढ़ते हुए 5-0 की बढ़त हासिल कर ली थी। उनका बैकहैंड कोर्ट पर बार-बार जोरदार तरीके से चला, और नेट पर बढ़ते आत्मविश्वास ने उनके खेल में एक नया आयाम जोड़ दिया। बूजास मानेरो ने भी काफी हिम्मत दिखाई। जब सबालेंका ने एक ढीला-ढाला स्मैश लगाया, तो उन्होंने पहले सेट में वापसी करते हुए स्कोर 5-4 तक पहुंचा दिया था। दूसरे सेट में भी इस स्पेनिश खिलाड़ी ने कुछ शानदार पल दिखाए, जिसमें एक बेहतरीन एंगल्ड बैकहैंड वॉली और एक साहसी बैकहैंड डाउन द लाइन शॉट शामिल था, जिसने कुछ देर के लिए मैच के नतीजे को टाल दिया। उन्होंने अपनी रणनीति को सरल रखा, अपनी ताकत और जोरदार रिटर्न शॉट्स पर भरोसा करते हुए प्रतिद्वंद्वी को वापसी का मौका नहीं दिया। पहले सेट में 5-4 के स्कोर पर, उन्होंने दोनों तरफ से कई शानदार विनर्स लगाए, जबकि दूसरे सेट में 5-2 के स्कोर पर रिटर्न की एक और दमदार सीरीज ने उनकी जीत पक्की कर दी।आखिरकार, बूजास मानेरो ने मैच प्वाइंट्स पर डबल-फॉल्ट कर दिया, जिससे सबालेंका को ग्रैंड स्लैम के शुरुआती दौर में एक और शानदार प्रदर्शन करने का मौका मिल गया।

# बुमराह हाउस ने 133 रन से दर्ज की खिताबी जीत

● भोपाल



अरेरा प्रीमियर इंटर हाउस क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में मंगलवार को अंडर 16 एज ग्रुप का फाइनल मैच रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह हाउस के बीच खेला गया।

बुमराह हाउस ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 49 ओवर में सभी विकेट खोकर 280 रन बनाए। होमी सोलंकी ने शानदार शतक जड़ते हुए 112 रन बनाए। उसके साथ सुधीर अहिरवार ने 29, राधा प्रजापति (गर्ल्स) ने 25 और आरव सिंह ने 24 रनों की पारी खेली। रोहित हाउस की ओर से गेंदबाजी में सूर्या जाट ने 4, वंश मेश्राम और आरव भार्गव ने 2-2 आदित्य सोलंकी और ऋषभ कुशवाह ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में रोहित हाउस 31.2 ओवर्स में 147 रन बना कर ऑल आउट गया।

# तीरंदाज श्याम लाल मीणा का निधन



● नई दिल्ली

भारत के पूर्व दिग्गज तीरंदाज श्याम लाल मीणा का लंबी बीमारी के बाद 61 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। श्याम ने 1988 सियोल ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने रविवार देर रात अस्पताल में आखिरी सांस ली।भारतीय तीरंदाजी संघ ने पूर्व तीरंदाज को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, ''1988 के सियोल ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता श्याम लाल मीणा को श्रद्धांजलि।



# सिंधू ने सिंगापुर ओपन में जीत से की शुरुआत

● नई दिल्ली

स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू मंगलवार को पांचवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी को सीधे गेम में हराकर सिंगापुर ओपन में महिला एकल के दूसरे दौर में पहुंच गईं। 30 साल की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने इस सुपर 750 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में दुनिया की छठे नंबर की इंडोनेशियाई खिलाड़ी को 21-17, 21-18 से हराया।

# अर्शदीप सिंह ने इंस्टाग्राम से हटाए 200 से ज्यादा पोस्ट



● नई दिल्ली

भारतीय टीम और पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह इन दिनों अपने प्रदर्शन से ज्यादा सोशल मीडिया गतिविधियों को लेकर चर्चा में हैं। आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स का अभियान खत्म होते ही अर्शदीप ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से 200 से ज्यादा पोस्ट डिलीट कर दिए, जिसके बाद फैंस के बीच कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। सबसे ज्यादा हैरानी इस बात को लेकर हुई कि उन्होंने विराट कोहली के साथ अपनी वायरल रील भी हटा दी, जिसे करोड़ों बार देखा गया था।अर्शदीप ने जिन पोस्ट्स को हटाया, उनमें 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान विराट कोहली के साथ बनाई गई उनकी चर्चित रील भी शामिल थी। इस वीडियो को करीब 150 मिलियन व्यूज मिले थे और यह सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हुआ था।

**योगासन** — युगांडा, जाम्बिया, श्रीलंका और नेपाल सहित 60 से अधिक देशों के योगासन खिलाड़ी लेंगे भाग

# विश्व योगासन चैंपियनशिप के पहले संस्करण का शुभारंभ

● नई दिल्ली

भारतीय खेल और वैश्विक वेलनेस के लिए एक ऐतिहासिक कदम के रूप में, विश्व योगासन चैंपियनशिप (डब्ल्यूवायसी) 2026 के पहले संस्करण का मंगलवार को नई दिल्ली में खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने महासंघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आधिकारिक अनावरण किया।

विश्व योगासन चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन चार से आठ जून 2026 तक अहमदाबाद के एका एरिना में किया जाएगा। इस चैंपियनशिप में युगांडा, जाम्बिया, श्रीलंका, नेपाल, केन्या, जापान, ओमान, मॉरीशस और नीदरलैंड्स सहित 60 से अधिक देशों के योगासन खिलाड़ी और प्रतिनिधिमंडल भाग लेंगे। यह आयोजन योगासन को वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल के रूप में स्थापित करने और ओलंपिक मान्यता की दिशा में भारत की पहल का हिस्सा है। आधिकारिक अनावरण समारोह के दौरान चैंपियनशिप के लोगो, ट्रॉफी, आधिकारिक जर्सी और वीर नामक शेर मैस्कॉट का भी लॉन्च किया गया। यह सभी योगासन के आधुनिक वैश्विक खेल के रूप में उभरने का प्रतीक हैं। विश्व योगासन चैंपियनशिप 2026 को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई), गुजरात खेल प्राधिकरण, गुजरात पर्यटन और गुजरात योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन का सहयोग प्राप्त है। यह योगासन को विश्व खेल मंच पर स्थापित करने की दिशा में एक संयुक्त राष्ट्रीय प्रयास है।




### भारत ने दुनिया को योग का उपहार दिया

लॉन्च के अवसर पर मांडविया ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया को योग का उपहार दिया है और अब देश योगासन को वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रतिस्पर्धात्मक खेल के रूप में स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विश्व योगासन चैंपियनशिप हमारे युवाओं, हमारी संस्कृति और उभरते वैश्विक खेलों में भारत की भूमिका को दर्शाती है। यह चैंपियनशिप हमारे खेल के वैश्विक विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मैं सभी देशों का भारत में स्वागत करता हूं और मुझे विश्वास है कि यह चैम्पियनशिप योगासन खेल अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगी।''

राजधानी (न्यू बॉम्बे)

| दिन | रात |
|---|---|
| 670 = 3 | 346 = 3 |
| 489 = 1 | 133 = 7 |

शुभांक

| दिन | रात |
|---|---|
| 890 = 7 | 400 = 4 |
| 128 = 1 | 577 = 9 |

भाग्यांक
0 2 3 7
www.kalyangame.com

## ट्रेलर में घुसी इनोवा, कैंची धाम जा रहे 4 श्रद्धालुओं की मौत, 3 गंभीर

### -बाराबंकी में सुल्तानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा

बाराबंकी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां सुल्तानपुर–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार इनोवा कार आगे चल रहे ट्रेलर में पीछे से जा घुसी। इस भीषण टक्कर में कार सवार चार श्रद्धालुओं की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के भिखरा गांव के पास देर रात करीब दो बजे हुआ। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग भीतर ही बुरी तरह फंस गए। आधी रात को हुए इस हादसे के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई, जिसे सुनकर दौड़े राहगीरों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना दी। जानकारी के अनुसार, कार में सवार सभी सात लोग उत्तराखंड स्थित प्रसिद्ध बाबा नीम करौली के कैंची धाम दर्शन के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार हैदरगढ़ क्षेत्र में पहुंची, सुल्तानपुर से लखनऊ की ओर जा रहे एक ट्रेलर से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद कार को काटकर घायलों और शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया, जहां से उनकी नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ के केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। हादसे की खबर जैसे ही मृतकों के परिजनों को मिली, उनके घरों में कोहराम मच गया। इस सड़क हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं की पहचान राहुल कुमार (पुत्र संजय कुमार, निवासी मुगलसराय, जनपद चंदौली), राहुल सिंह (पुत्र अजय प्रताप, निवासी गैबीपुर, जनपद गाजीपुर), सत्यम सिंह (पुत्र स्वर्गीय तेज प्रताप सिंह, निवासी रामपुर रसड़ा, जनपद बलिया) और सूरज मिश्रा (निवासी निकसपुर, थाना सुल्तानपुर) के रूप में हुई है। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए यात्रियों में पंकज (पुत्र रमेश सिंह, निवासी चुनार, जनपद मिर्जापुर), प्रशांत (पुत्र अवध बिहारी, निवासी बेला, जनपद बलिया) और चंदन सिंह (पुत्र दशरथ सिंह, निवासी चुनार, जनपद मिर्जापुर) शामिल हैं, जिनका लखनऊ में इलाज चल रहा है। पुलिस ने चारों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और रात के समय चालक को झपकी आने को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है, फिलहाल पुलिस मामले की सघन जांच में जुटी है।

## बेटे की शादी में 3500 ग्रामीणों को दिया दुर्घटना बीमा का तोहफा

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के बहादरपुरा गांव में एक शादी सामाजिक सरोकार की अनूठी मिसाल बनी है। जहां आमतौर पर शादी समारोहों में लाखों रुपये भव्य सजावट और आतिशबाजी पर खर्च होते हैं, वहीं पेठकर परिवार ने अपने बेटे सिद्धेश्वर पेठकर के विवाह को यादगार बनाकर समाज सेवा से जोड़ दिया। उन्होंने पूरे गांव के करीब 3500 लोगों का दुर्घटना बीमा कराकर एक ऐसी पहल की है, जिसकी हर ओर चर्चा हो रही है। पेठकर परिवार का मानना है कि विवाह केवल व्यक्तिगत खुशी का मौका नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का माध्यम भी होना चाहिए। इसी सोच के साथ, सिद्धेश्वर और मंजुषा के विवाह समारोह के अवसर पर, परिवार ने गांव के लोगों को भविष्य में किसी भी दुर्घटना या अप्रिय घटना की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया। इस कदम का उद्देश्य आकस्मिक परिस्थितियों में परिवारों को आर्थिक संकट से बचाना है। जैसे ही पहल की जानकारी गांव में सामने आई, ग्रामीणों में खुशी और गर्व का माहौल छा गया। गांव के बुजुर्गों और अन्य लोगों ने कदम की जमकर प्रशंसा की। उनका कहना है कि उन्होंने पहली बार किसी शादी में ऐसा प्रेरणादायक सामाजिक संदेश देखा है, और यह आने वाले समय में अन्य परिवारों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। पेठकर परिवार के इस अनूठे कार्य की इलाके में व्यापक चर्चा हो रही है। सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने भी पहल की सराहना कर कहा है कि यदि समाज के सक्षम लोग अपने निजी आयोजनों को सामाजिक हित से जोड़ें, तब कई जरूरतमंदों की मदद की जा सकती है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। बहादरपुरा गांव में अब यह शादी केवल एक पारिवारिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक बन गई है, जिसने खुशियों के अवसर पर समाज के बारे में सोचने की एक नई शुरुआत की है।

## आज दिल्ली आ रहे सीएम विजय, पीएम मोदी से होनी हैं मुलाकात

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय बुधवार को पदभार संभालने के बाद अपनी पहली दिल्ली यात्रा पर आ रहे हैं। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री विजय बुधवार सुबह चेन्नई से दिल्ली के लिए रवाना होने वाले है। राज्य के गृह सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण यात्रा की तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी के साथ विजय की बातचीत के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, जो दोनों नेताओं के बीच पहली औपचारिक मुलाकात होगी। मुख्यमंत्री विजय के दौरे के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सोनिया और राहुल गांधी से भी मिलने की संभावना है। अपनी दिल्ली यात्रा के एक अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम में, विजय जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में तमिलनाडु सरकार द्वारा स्थापित तमिल कवि–संत तिरुवल्लुवर की प्रतिमा का उद्घाटन भी करने वाले है। यह दौरा विजय के तमिलनाडु के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में 10 मई को शपथ लेने के कुछ ही सप्ताह बाद हो रहा है। उनकी पार्टी, तमिलगा वेट्री कज़गम (टीवीके), ने विधानसभा चुनावों में शानदार जीत हासिल की थी, जिसने राज्य की राजनीति में दशकों से चले आ रहे डीएमके और एआईएडीएमके के वर्चस्व को समाप्त कर दिया।

## राम मंदिर में 'पास' की अनिवार्यता खत्म, पूरे परिसर का दर्शन अब होगा संभव

अयोध्या (एजेंसी)। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंदिर परिसर के भीतर स्थित सभी प्रमुख और पूरक मंदिरों में दर्शन करने के लिए 'पास' की अनिवार्य बाध्यता को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है। अब श्रद्धालु अपनी इच्छानुसार न केवल रामलला दर्शन कर सकेंगे बल्कि राम दरबार परकोटे के छह देवी देवताओं के मंदिरों और सप्त ऋषियों–मुनियों के मंदिरों में भी बिना किसी रोक–टोक के सुगमता से दर्शन–पूजन कर पाएंगे। हालांकि ट्रस्ट ने साफ किया है कि यह खुली छूट और व्यवस्था अधिक दिनों तक स्थायी नहीं रहने वाली है। जैसे ही राम मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों की दैनिक संख्या एक लाख से अधिक होने लगेगी, वैसे ही ट्रस्ट अपनी पुरानी पास व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से दोबारा कड़ाई से लागू कर देगा।

# यूसीसी पर ओवैसी का पलटवार: मुसलमानों पर थोपा जा रहा हिंदू कानून

### – नितिन गडकरी ने पेश की स्वदेशी तकनीक



**हैदराबाद (एजेंसी)।** असम विधानसभा में हिमंत बिस्वा सरमा सरकार द्वारा यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) विधेयक पेश होने के बाद एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने यूसीसी कानून को मुसलमानों पर बैकडोर से हिंदू कानून थोपने का प्रयास बताया। असम, गुजरात, गोवा और उत्तराखंड के बाद चौथा भाजपा शासित राज्य बन गया है, जहां समान नागरिक संहिता अपनाने की प्रक्रिया शुरू की है।

एआईएमआईएम सांसद ओवैसी ने आरोप लगाया कि यह विधेयक मुस्लिम पर्सनल कानूनों पर सीधा हमला और उनके संवैधानिक अधिकारों का अतिक्रमण करता है। उन्होंने लिखा कि उत्तराधिकार, विरासत और तलाक जैसे महत्वपूर्ण मामलों में हिंदू सिद्धांतों को जबरन थोपा जा रहा है, जिसका उद्देश्य सिर्फ हिंदू संस्कृति को संरक्षित करना है, जबकि मुसलमानों को इन कथित समान कानूनों को मानने के लिए मजबूर किया।

हैदराबाद के सांसद ने असम के यूसीसी को असमान बताकर इसकी आलोचना की, क्योंकि इसमें आदिवासी समुदाय को इसके दायरे से पूरी तरह बाहर किया गया है। उन्होंने तर्क दिया कि जब संविधान का अनुच्छेद 29 सभी समुदायों को अपनी संस्कृति की रक्षा का अधिकार देता है, तब केवल आदिवासियों की स्वायत्तता ही क्यों बचाया जा रहा है? ओवैसी के अनुसार, यह ऐसा कानून थोपने की कोशिश है जिसकी किसी को जरूरत नहीं, और संविधान सभा ने भी यूसीसी की अनिवार्यता को जरूरी नहीं समझा था। उन्होंने इस्लाम में विरासत के सिद्धांतों (कोई वारिस वंचित नहीं हो सकता, बेटियों को उचित हिस्सा मिलना) का जिक्र कर कहा कि यह यूसीसी बेटियों को वसीयत के जरिए उनके वाजिब हक से वंचित करने की इजाजत देता है, और इसका लैंगिक न्याय से कोई संबंध नहीं है।

असम सरकार के विधेयक के कानून बनने पर, बहुविवाह और दो विवाह सभी धर्मों के लिए गैर-कानूनी हो जाएंगे। इसमें महिलाओं को विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप के मामलों में समान अधिकार और कानूनी सुरक्षा मिलेगी। यह राज्य में विभिन्न धर्मों के व्यक्तिगत कानूनों की जगह लेगा, हालांकि अनुसूचित जनजातियों को इससे छूट दी गई है। विधेयक लड़कों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 21 और लड़कियों के लिए 18 साल निर्धारित करता है। सभी शादियों और तलाक का 60 दिनों के भीतर पंजीकरण अनिवार्य होगा।

इसके पहले असम विधानसभा में महत्वपूर्ण बहस के बीच, मुख्यमंत्री सरमा ने प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक का जोरदार बचाव किया। उन्होंने यूसीसी को अल्पसंख्यक समुदायों की महिलाओं को अधिकतम सुरक्षा और न्याय देने वाला प्रगतिशील कदम बताया, विपक्ष पर मुद्दे पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। सीएम सरमा ने स्पष्ट किया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठकर सामाजिक न्याय को प्राथमिकता दे रही है, और यह विधेयक धार्मिक अल्पसंख्यक महिलाओं के विवाह, उत्तराधिकार और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित अधिकारों को मजबूत करेगा। इस विधेयक को सोमवार को संसदीय कार्य मंत्री अतुल बोरा ने मुख्यमंत्री की ओर से पेश किया था और इस पर 27 मई को चर्चा तथा पारित होने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री सरमा ने राज्य की आर्थिक प्रगति पर भी प्रकाश डाला, यह घोषणा करते हुए कि असम 2028 तक 10 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। उन्होंने बताया कि राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 2021-22 में 4 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वर्तमान में अनुमानित 8.72 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो 13 से 15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर को दर्शाता है। इस अभूतपूर्व गति के साथ, असम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के विजन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वित्त मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि असम को 2014 से 2026 तक कर हस्तांतरण और केंद्रीय अनुदान के रूप में 5.61 लाख करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त, टिकाऊ अवसंरचना के विकास के लिए पूंजीगत व्यय हेतु 17,000 करोड़ रुपये से अधिक का ब्याज-मुक्त ऋण भी प्रदान किया गया है।

## इबोला वायरस को लेकर भारत अलर्ट, अफ्रीकी देशों की यात्रा से बचने की सलाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनियाभर में एक बार फिर इबोला वायरस का खतरा बढ़ता दिखाई दे रहा है। अफ्रीका के कई देशों में तेजी से फैल रहे संक्रमण को देखते हुए भारत सरकार ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। केंद्र सरकार ने भारतीय नागरिकों को कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान की गैर–जरूरी यात्रा से बचने की सलाह जारी की है। इन देशों में इबोला संक्रमण के सैकड़ों मामले सामने आने और बड़ी संख्या में लोगों की मौत के बाद स्वास्थ्य एजेंसियां चिंतित हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है और प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति को गंभीर बताया गया है। जानकारी के अनुसार कांगो में इबोला का प्रकोप सबसे ज्यादा बढ़ा है। वहां बुंडिबुग्यो स्ट्रेन के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। कांगो सरकार के अनुसार देश के पूर्वी हिस्से में संदिग्ध मामलों की संख्या 900 से अधिक पहुंच चुकी है, जबकि 100 से ज्यादा संदिग्ध मौतें दर्ज की गई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि सीमावर्ती इलाकों में आवाजाही अधिक होने के कारण युगांडा में भी संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। वहीं दक्षिण सूडान में कमजोर स्वास्थ्य व्यवस्था के चलते हालात और गंभीर माने जा रहे हैं। इबोला वायरस को अत्यधिक संक्रामक माना जाता है और यह संक्रमित व्यक्ति के शारीरिक द्रवों के संपर्क से फैलता है। गंभीर स्थिति में यह बीमारी जानलेवा साबित हो सकती है। संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की निगरानी भी सख्त कर दी है। कांगो, युगांडा, दक्षिण सूडान और उनके पड़ोसी देशों से आने वाले यात्रियों की प्रमुख हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर मेडिकल स्क्रीनिंग अनिवार्य कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने निर्देश दिए हैं कि यदि किसी यात्री में तेज बुखार, उल्टी, दस्त, बदन दर्द या रक्तस्राव जैसे लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत आइसोलेशन में रखा जाए। दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे महानगरों के बड़े सरकारी अस्पतालों को भी विशेष आइसोलेशन वार्ड तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल ही में अफ्रीका से लौटे भारतीय नागरिकों से अपील की है कि यदि वे अस्वस्थ महसूस करें तो तुरंत स्वास्थ्य अधिकारियों को अपनी यात्रा संबंधी जानकारी दें। विशेषज्ञों का मानना है कि समय रहते सावधानी बरतने से संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है।

## अवैध बांग्लादेशियों को सीएम शुभेंदु की कड़ी चेतावनी: जल्दी भागो बंगाल से



### -बोले- कोई हमारे दामाद नहीं, जो उन्हें बिठाकर खिलाएं

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों को कड़ी चेतावनी देकर तुरंत देश छोड़कर जाने को कह दिया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, जल्दी-जल्दी भागो यहां से, वरना कार्रवाई की जाएगी। सीएम अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार घुसपैठियों को जेल में रखकर रोटी नहीं खिलाएगी और न ही घुसपैठियों पर अपना पैसा बर्बाद करेगी। उन्होंने कहा, वह हमारे दामाद नहीं हैं, उन्हें बंगाल से भगाया जाएगा। मुख्यमंत्री शुभेंदु ने बताया कि बांग्लादेश के अधिकारी भी अपने लोगों को वापस लेने पर सहमत हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस अवैध बांग्लादेशियों की पहचान कर बीएसएफ को सौंपेगी, जो उनकी वापसी में मदद करेगा।

शुभेंदु सरकार इस मुद्दे पर पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गई है। इससे पहले, राज्य सरकार ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों, जिसमें बांग्लादेशी और रोहिंग्या शामिल हैं, को उनके देश वापस भेजने के लिए विशेष होल्डिंग सेंटर बनाने के निर्देश जारी किए थे। इस संबंध में पश्चिम बंगाल के सभी जिलाधिकारियों को लिखित निर्देश और गाइडलाइंस भेजी गई हैं। जिलाधिकारियों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में इन सेंटरों के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान कर जल्द से जल्द आगे की कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया गया है। सरकार ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ अपनी नीतियों को सख्ती से लागू करने का संकल्प लिया है।

# अखिलेश का योगी सरकार पर बड़ा हमला: फर्जी मुठभेड़ों से खड़ा किया आपराधिक तंत्र



**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने सरकार पर फर्जी मुठभेड़ों के मकसद से आपराधिक तंत्र स्थापित करने और पुलिसकर्मियों का राजनीतिक उद्देश्यों के लिए दुरुपयोग करने का गंभीर आरोप लगाया।

लखनऊ में एक प्रेसवार्ता कर यादव ने दावा किया कि योगी सरकार पहले पुलिसकर्मियों को मुठभेड़ों में शामिल करती है और बाद में उन्हें छोड़ देती है। उन्होंने गोरखपुर फर्जी मुठभेड़ मामले का उदाहरण देकर कहा कि कई पुलिसकर्मी इस कारण जेल में हैं, जबकि योगी सरकार ने इससे पल्ला झाड़ लिया है। पूर्व सीएम यादव ने आरोप लगाया कि फर्जी मुठभेड़ों के जरिए पूरा एक आपराधिक तंत्र खड़ा किया गया है, जहां कुछ वकील ऐसी मनगढ़ंत कहानियों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं। उन्होंने आगाह किया कि फर्जी मुठभेड़ों में फँसने पर योगी सरकार पुलिसकर्मियों से मुँह मोड़ लेती है, और भविष्य में उनके अपने परिवार वाले भी उन्हें हत्यारा मनाते है। अखिलेश ने प्रथा को अलोकतांत्रिक बताकर इसकी कड़ी निंदा कर कहा कि फर्जी मुठभेड़ों में शामिल पुलिस अधिकारियों को आजीवन गंभीर परिणाम भुगतान होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि योगी सरकार इसके जरिए मनोवैज्ञानिक दबाव बना रही है और इसतरह के कृत्यों में शामिल पुलिसकर्मी हर दिन धीमी मौत मरते हैं। पूर्व सीएम यादव ने दावा किया कि कई अधिकारियों ने मुठभेड़ों के डर का फायदा उठाकर महिलाओं के खिलाफ अपराध किए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि फर्जी मुठभेड़ों के डर से राज्य में निवेश नहीं आता, और भाजपा सरकार को भी अपने ही लोगों का नुकसान होता है। यादव ने विशेष रूप से जाति आधारित फर्जी मुठभेड़ों का उल्लेख किया। सपा प्रमुख ने बताया कि एक मुठभेड़ का अर्थ आम तौर पर झड़प होता है, जिसमें हिंसक या आपराधिक गतिविधियों के लिए कोई जगह नहीं होती। उन्होंने आरोप लगाया कि फर्जी मुठभेड़ों के जरिए एक मानसिक सॉफ्टवेयर सेट किया गया है, जो अपडेट नहीं होता, जिससे लोगों में हिंसा भड़क रही है और हत्या को हिंसा के रूप में पेश किया जा रहा है। यादव ने कहा कि फर्जी मुठभेड़ें गलत हैं, लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ हैं, और सरकार अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर रही है। यह प्रवृत्ति कई जगहों पर स्पष्ट रूप से देखी जा रही है।

## राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दायर, पीएम मोदी और अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी का आरोप



रायबरेली (एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी के खिलाफ यहां अपर सिविल जज की अदालत में परिवाद दायर किया गया है। अधिवक्ता शकील अहमद खान ने सोमवार को गांधी के खिलाफ यह परिवाद दायर किया। खान ने परिवाद में कहा है कि राहुल गांधी ने गत 20 मई को अपने रायबरेली दौरे के दौरान डीह के लोधवारी गांव में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ अभद्र शब्दों का प्रयोग किया जिससे उन्हें आघात लगा है। उन्होंने बताया कि अदालत से अनुरोध किया गया है कि न्याय हित में प्रार्थी व उसके गवाहों के साक्ष्य दर्ज कर राहुल गांधी को जिन धाराओं में दोषी पाया जाए उनमें तलब कर दंडित किया जाए। मालूम हो कि राहुल गांधी ने पिछले हफ्ते अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली के साथ–साथ अमेठी के दो दिवसीय दौरे के दौरान अपने भाषणों में प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश का आरोप लगाते हुए उन्हें 'गद्दार' कहा था।

# मंत्री के बेटे पर पॉक्सो का आरोप: आरएसएस ने भाजपा से किनारा किया



साई भागीरथ

**हैदराबाद (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार के बेटे साई भागीरथ को हैदराबाद में एक नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह मामला 31 दिसंबर, 2025 की रात नए साल की पार्टी से जुड़ा है, जहां भागीरथ पर नाबालिग को शराब पिलाने और छेड़छाड़ करने का आरोप है।

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, 17 वर्षीय पीड़िता और भागीरथ के बीच सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती हुई थी। आरोप है कि भागीरथ ने नाबालिग को बालिग होने पर शादी करने का झूठा वादा कर अपने जाल में फंसाया। पीड़िता की मां ने बताया कि भागीरथ मेरी बेटी को भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल करता था और पढ़ाई-लिखाई तथा करियर से जुड़े फैसलों पर भी रोक लगाता था। आरोप है कि इस दौरान भागीरथ बेटी को कई बार निजी अपार्टमेंट और फार्म हाउस में ले जाकर यौन उत्पीड़न करता था, जिसमें 31 दिसंबर, 2025 की रात मोइनाबाद के फार्महाउस पर हुई घटना प्रमुख है, जब बेटी को जबरदस्ती शराब पिलाकर उसका यौन उत्पीडन किया गया।

लेकिन शुरुआती दबाव के कारण परिवार ने शिकायत दर्ज कराने में देरी की। आखिरकार, करीब चार महीने बाद 8 मई को मां की शिकायत पर भागीरथ के खिलाफ पॉक्सो (पॉक्सो) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। तेलंगाना पुलिस ने भागीरथ को 16 मई को गिरफ्तार किया। कुकटपल्ली की डिप्टी कमिश्नर आईपीएस रितिराज ने स्पष्ट किया कि भागीरथ ने आत्मसमर्पण नहीं किया था बल्कि मंत्री के बेटे को पुलिस ने पकड़ा है। इस मामले ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है, खासकर आरएसएस और भाजपा के बीच दरार पैदा हुई है। लोकसभा चुनाव में भाजपा की रिकॉर्ड 8 सीटों पर जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेलंगाना आरएसएस ने इस विवाद से खुद को पूरी तरह अलग कर लिया है। तेलंगाना के प्रांत प्रचारक कट्टा राजगोपाल ने कहा है कि यह भाजपा का आंतरिक मामला है और अगर कोई उनके पदाधिकारियों को इसमें घसीटकर संघ की छवि खराब करने की कोशिश करेगा, तब कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## वेबसाइट बंद, सुप्रीम कोर्ट में याचिका ; अब क्या करेगी 'कॉकरोच जनता पार्टी', खुद दिया बड़ा संकेत




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की एक टिप्पणी के बाद चर्चा में आई 'कॉकरोच जनता पार्टी' अब खुद को केवल सोशल मीडिया अभियान तक सीमित नहीं रखना चाहती। पार्टी से जुड़े लोगों ने संकेत दिया है कि आने वाले समय में इसे युवाओं के बड़े जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। इंस्टाग्राम पर करोड़ों युवाओं को जोड़ने वाली इस मुहिम ने हाल ही में अपना रोडमैप जारी करते हुए कहा कि यह केवल शुरुआत है और आगे देशभर में कई स्तरों पर अभियान चलाए जाएंगे। हालांकि इस अभियान को लेकर विवाद भी लगातार बढ़ता जा रहा है। पार्टी की वेबसाइट पर कार्रवाई होने और सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर किए जाने के बाद मामला और ज्यादा चर्चा में आ गया है।

सोशल मीडिया पर जारी एक लंबे संदेश में 'कॉकरोच जनता पार्टी' ने खुद की तुलना उन जीवों से की जो कठिन परिस्थितियों में भी जीवित रहते हैं। पोस्ट में कहा गया कि देश का युवा वर्ग भी आज संघर्ष, बेरोजगारी और असुरक्षा जैसी परिस्थितियों से जूझ रहा है, लेकिन वह हार नहीं मानेगा। पार्टी ने दावा किया कि उसकी विचारधारा भारतीय संविधान से प्रेरित है और वह लोकतंत्र, सामाजिक न्याय तथा धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के लिए संघर्ष करेगी। संगठन ने महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव आंबेडकर, जवाहरलाल नेहरू, भगत सिंह और नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे नेताओं का उल्लेख करते हुए युवाओं से देश में बदलाव के लिए सुझाव भी मांगे हैं। पार्टी का कहना है कि बेरोजगारी, पेपर लीक, पर्यावरण और संस्थागत पारदर्शिता जैसे मुद्दों पर जल्द बड़े अभियान शुरू किए जाएंगे। इस बीच अभियान शुरू करने वाले अभिजीत दिपके को लगातार धमकियां मिलने की बात भी सामने आई है। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित उनके घर के बाहर सुरक्षा के तौर पर पुलिस तैनात की गई है। अभिजीत फिलहाल अमेरिका के बोस्टन में हैं, जबकि उनके परिवार ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। दूसरी ओर, सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि न्यायालय की टिप्पणियों का उपयोग प्रचार के लिए किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह जस्टिस सूर्यकांत की एक टिप्पणी के बाद यह पूरा विवाद शुरू हुआ था, जिसके बाद सोशल मीडिया पर यह मुहिम तेजी से फैल गई।

# ब्रह्मोस मिसाइल की बढ़ी वैश्विक मांग, कई अरब देशों ने दिखाई दिलचस्पी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में निर्मित ब्रह्मोस और आकाश मिसाइल प्रणाली की वैश्विक मांग लगातार बढ़ती जा रही है। सूत्रों के अनुसार पश्चिम एशिया के कई अरब देशों ने भारत से इन मिसाइलों की खरीद में रुचि दिखाई है। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं ने रक्षा तैयारियों को और तेज कर दिया है। बताया जा रहा है कि संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और कतर जैसे देशों ने भारत से रक्षा खरीद को लेकर संपर्क किया है। हालांकि सरकार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन रक्षा और विदेश मंत्रालय स्तर पर बातचीत जारी होने की जानकारी सामने आई है।

भारत और रूस के संयुक्त उपक्रम के तहत तैयार की जाने वाली ब्रह्मोस मिसाइल को दुनिया की सबसे आधुनिक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में गिना जाता है। इसकी मारक क्षमता लगभग 300 किलोमीटर तक बताई जाती है। वहीं आकाश मिसाइल प्रणाली मध्यम दूरी तक दुश्मन के विमानों और ड्रोन हमलों को नष्ट करने में सक्षम मानी जाती है। हाल के वर्षों में भारतीय रक्षा तकनीक को लेकर दुनिया के कई देशों की रुचि बढ़ी है और भारत भी रक्षा निर्यात को नई रणनीतिक प्राथमिकता के रूप में आगे बढ़ा रहा है। सूत्रों का कहना है कि फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति के बाद अब कई अन्य देश भी इस रक्षा प्रणाली को खरीदने के इच्छुक हैं। पहले से करीब आधा दर्जन देश ब्रह्मोस के लिए कतार में बताए जा रहे थे और अब अरब देशों की दिलचस्पी ने इसकी मांग को और बढ़ा दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की मिसाइल तकनीक कम लागत और उच्च क्षमता के कारण वैश्विक रक्षा बाजार में तेजी से मजबूत स्थिति बना रही है।

इस बीच सऊदी अरब की ओर से अभी तक भारत से किसी औपचारिक रक्षा खरीद प्रस्ताव की जानकारी नहीं मिली है। माना जा रहा है कि पाकिस्तान के साथ रणनीतिक संबंधों के कारण सऊदी अरब फिलहाल संतुलित रुख अपनाए हुए है। हालांकि क्षेत्रीय हालात तेजी से बदल रहे हैं और ऐसे में रक्षा साझेदारियों के नए समीकरण बनने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। भारत के लिए यह अवसर रक्षा निर्यात बढ़ाने के साथ-साथ वैश्विक रणनीतिक प्रभाव मजबूत करने के रूप में भी देखा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### फिलीपींस में नौ मंजिला इमारत गिरी, 21 लोग मलबे में दबे

**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस की राजधानी मनीला के उत्तर में स्थित एंजेल्स शहर में रविवार तड़के एक निर्माणाधीन नौ मंजिला इमारत ढह गई। इस हादसे में कम से कम 21 लोग लापता हैं, जिनके मलबे में दबे होने की आशंका है। अधिकारियों के अनुसार, भारी बारिश और तूफान के बाद यह हादसा हुआ। राहत कार्य के दौरान मलबे के नीचे से कुछ आवाजें सुनाई दी हैं, बचावकर्मी कंक्रीट काटकर लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं।

### बहरीन : आईआरजीसी के साथ साजिश के आरोप में 9 को उम्रकैद

**बहरीन , एजेंसी।** बहरीन की एक अदालत ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के साथ मिलकर देश के खिलाफ आतंकवादी और शत्रुतापूर्ण कृत्यों की साजिश रचने के आरोप में नौ दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। रविवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, बाकी आरोपियों को तीन-तीन साल जेल की सजा दी गई है। दोषी पाए गए व्यक्ति संवेदनशील स्थलों की जानकारी जुटाने और वित्तीय लेनदेन की सुविधा प्रदान करने में शामिल थे।

### बलूचिस्तान में मुठभेड़ में नौ लड़ाकों और चार जवानों की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान में स्थानीय लड़ाकों के खिलाफ चलाए गए एक खुफिया ऑपरेशन में चार सुरक्षाकर्मी मारे गए और सात घायल हो गए। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने रविवार को बताया कि कुचलक और नोहसार इलाकों में शनिवार को हुई मुठभेड़ में नौ लड़ाके भी ढेर कर दिए गए। मारे गए सभी जवान आतंकवाद निरोधी विभाग के थे। घायल कर्मियों का क्वेटा में इलाज चल रहा है। सुरक्षा बलों ने पहले भी 35 लड़ाकों को ढेर किया था।

### पाकिस्तान : आतंकियों ने शांति समिति के चार सदस्यों को मारा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को आतंकवादियों ने बड़ा हमला कर दिया। यह हमला डेरा इस्माइल खान जिले की कुलाची तहसील में हुआ, जहां स्थानीय शांति समिति के सदस्यों को निशाना बनाया गया। इस हमले में चार सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने घात लगाकर समिति के सदस्यों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। हमलावरों ने सिर्फ हमला ही नहीं किया, बल्कि समिति के एक सदस्य का अपहरण भी कर लिया। इसके अलावा आतंकवादी वहां मौजूद अन्य सदस्यों के हथियार भी लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई। सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। अब तक किसी भी आतंकी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत लंबे समय से आतंकवादी गतिविधियों और उग्रवादी हमलों से प्रभावित रहा है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस का कहना है कि आतंकियों की तलाश जारी है और जल्द ही हमलावरों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। मालूम हो कि पाकिस्तान में विद्रोही संगठन भी लगातार हिंसक आंदोलन कर रहे हैं।

### स्पेन : घरों की बढ़ती लागत के खिलाफ प्रदर्शन, नारेबाजी

**मैड्रिड, एजेंसी।** स्पेन की राजधानी मैड्रिड में हजारों लोगों ने घरों की बढ़ती लागत के खिलाफ प्रदर्शन किया है। लोग लगातार बढ़ते किराए और घरों की कीमतों से परेशान हैं। इससे कई स्पेनिश नागरिकों के लिए घर खरीदना मुश्किल हो गया है। यह प्रदर्शन रविवार को शहर के केंद्र में किया गया। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के लिए 2027 के चुनाव से पहले स्पेन में आवास संकट एक बड़ी राजनीतिक चुनौती माना जा रहा है।

### द. चीन सागर में ताइवान के नियंत्रण वाले द्वीप के पास टकराव के बाद वापस लौटा चीनी जहाज

**ताइपे, एजेंसी।** दक्षिण चीन सागर के उत्तरी छोर पर स्थित रणनीतिक तौर से अहम प्रतास द्वीप समूह के पास ताइवान और चीन के तटरक्षकों के बीच गंभीर गतिरोध और तीखी बहस के बाद रविवार को आखिरकार चीनी तटरक्षक जहाज वापस लौट गया। ताइवानी तटरक्षक बल के मुताबिक, शनिवार को एक चीनी तटरक्षक जहाज प्रतास द्वीप की ओर आते देखे जाने पर ताइवान ने जहाज भेज तुरंत चेतावनी दी थी। इस पर दोनों पक्षों के बीच संप्रभुता को लेकर रेडियो पर तीखी बहस हुई। इसमें चीन ने अपने जहाज के रोजाना की गश्त पर होने और प्रतास द्वीप के चीन की संप्रभुता और अधिकार होने की बात कही। इसके जवाब में ताइवानी जहाज ने चीनी जहाज से शांति भंग न करने और वापस लौटने को कहा।

## यूक्रेन पर सबसे बड़ा हमला, रूस ने बरसाया घातक हथियार, क्या है हाइपरसोनिक ओरेश्निक मिसाइल



**कीव , एजेंसी।** रूस ने रविवार को कीव पर हमले में ड्रोन और मिसाइल हमले के दौरान शक्तिशाली हाइपरसोनिक ओरेश्निक बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया है। इस हमले में दो लोग मारे गए। यह चार साल के युद्ध में तीसरी बार है जब इस हथियार का इस्तेमाल किया गया है। भीषण हवाई हमले से यूक्रेन की राजधानी कीव में सरकारी कार्यालय, आवासीय भवन और स्कूल के पास की इमारत समेत कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। यूक्रेन के प्रधानमंत्री जेलेंस्की ने 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में बताया कि परमाणु या पारंपरिक युद्धक सामग्री ले जाने में सक्षम ओरेश्निक मिसाइल से कीव क्षेत्र के बिला त्सेरक्वा शहर पर निशाना साधा गया। उन्होंने बताया कि लक्ष्य का तुरंत पता नहीं चल पाया है।

**क्या है ओरेश्निक मिसाइल :** ओरेश्निक मिसाइल आवाज की रफ्तार से 10 गुना अधिक यानी मैक 10 की रफ्तार से लक्ष्य की ओर बढ़ती है। यह भूमिगत बंकरों को तीन, चार या उससे अधिक मंजिलों की गहराई तक नष्ट करने में सक्षम है। रूसी भाषा में 'ओरेश्निक' का अर्थ हेजलनट का पेड़ होता है। यह तीसरी बार है जब रूस ने ओरेश्निक मिसाइल का इस्तेमाल यूक्रेन पर किया है। रूस ने पहली बार नवंबर 2024 में यूक्रेन के निप्रो शहर पर ओरेश्निक मिसाइल का इस्तेमाल किया था। दूसरी बार इसका इस्तेमाल जनवरी में पश्चिमी लवीव क्षेत्र में किया गया था। यूक्रेन का क्या दावा यूक्रेन की वायु सेना के अनुसार, इस संयुक्त हमले में 600 ड्रोन और 90 हवाई, समुद्री और जमीनी मिसाइलें शामिल थीं। यूक्रेन ने दावा किया कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने 549 ड्रोन और 55 मिसाइलों को नष्ट कर दिया या बीच में ही रोक दिया। वायु सेना ने बताया कि लगभग 19 मिसाइलें अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाईं। इससे पहले, जेलेंस्की ने अमेरिका और पश्चिमी सहयोगियों से मिली खुफिया जानकारी का हवाला देते हुए चेतावनी दी थी कि रूस ओरेश्निक मिसाइल का इस्तेमाल करने की योजना बना रहा है।

**जगह-जगह उठता रहा धुआं :** चश्मदीदों के मुताबिक शनिवार रात हवाई हमले के सायरन बजते रहे और हमलों से समूचे कीव में धुआं उठता दिखा। एपी के पत्रकारों ने शहर के मध्य हिस्से में स्थित इमारतों और सरकारी भवनों के पास जोरदार धमाकों की आवाजें सुनीं। रविवार सुबह तक हमला जारी था तथा कीव पर और अधिक मिसाइल एवं ड्रोन से हमले की आशंका है। कीव के सैन्य प्रशासन प्रमुख तिमूर तकाचेंको ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में बताया कि राजधानी के कम से कम 10 जगहों में आवासीय भवनों सहित कई जगहों पर नुकसान हुआ है।

**पांच मंजिला इमारत पर हमला :** यूक्रेन की सरकारी आपातकालीन सेवा ने बताया कि कीव के शेवचेंको जिले में पांच मंजिला आवासीय इमारत पर हमला हुआ। इससे उसमें आग लग गई और एक व्यक्ति की मौत हो गई। महापौर विटाली क्लित्स्को ने बताया कि कीव के शेवचेंको जिले में एक स्कूल की इमारत पर हमला हुआ जिसमें लोग शरण लिए हुए थे। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि कीव में सुपरमार्केट और गोदामों को भी नुकसान पहुंचा है। क्षेत्र के गवर्नर मायकोला कलाश्निक के अनुसार, कीव क्षेत्र में कई समुदायों को नुकसान पहुंचा है।

**रूस ने क्या कहा :** रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को पुष्टि की कि उसने 'ओरेश्निक' सहित अन्य मिसाइल प्रणालियों का उपयोग करते हुए यूक्रेन के सैन्य कमान और नियंत्रण केंद्रों, वायुसेना अड्डों और सैन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों पर हमले किए। हालांकि, मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि ये लक्ष्य कहां स्थित थे। मंत्रालय ने यह भी कहाकि यह हमला रूसी क्षेत्र में नागरिक केंद्रों पर यूक्रेन के हमलों के जवाब में किया गया। हालांकि, उसने तुरंत कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को रूस के कब्जे वाले पूर्वी यूक्रेन में एक कॉलेज के छात्रावास पर ड्रोन हमले की निंदा की। रूस ने इन हमलों के लिए यूक्रेन पर आरोप लगाया है। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय की प्रेस सेवा ने शनिवार देर रात बताया कि स्टारोबिलस्क में हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। इसमें कहा गया है कि गत रात हुए हमले में 42 अन्य लोग घायल हुए थे। क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) द्वारा नियुक्त लुहांस्क क्षेत्र के अधिकारियों ने पीड़ितों के सम्मान में रविवार और सोमवार को दो दिन के शोक की घोषणा की। यूक्रेन और उसके सहयोगी देशों ने युद्ध के शुरुआती दिनों से ही रूस पर नियमित रूप से नागरिकों और महत्वपूर्ण नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। क्रेमलिन इन आरोपों से इनकार करता है।

## प्रधानमंत्री तारिक रहमान से प्रणय वर्मा की मुलाकात



**ढाका, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के रिश्तों को मजबूत बनाने की दिशा में एक और अहम कदम सामने आया है। बांग्लादेश में भारत के निवर्तमान उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने रविवार को बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत, बांग्लादेश के साथ अपने बहुआयामी संबंधों को और गहरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ढाका में हुई इस विदाई मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग के कई संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की। तारिक रहमान ने प्रणय वर्मा के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। भारत सरकार ने प्रणय वर्मा को अब बेल्जियम और यूरोपीय संघ में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया है।

बैठक में बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान भी मौजूद रहे। प्रणय वर्मा ने सितंबर 2022 में ढाका में भारतीय उच्चायुक्त का पद संभाला था। अब उनकी जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश भेजा जा रहा है। माना जा रहा है कि भारत और बांग्लादेश हाल के तनावपूर्ण दौर के बाद रिश्तों को फिर से मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं।

## ईरान से समझौता मंजूरी में लग सकते हैं कुछ दिन : रिपोर्ट


**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, व्हाइट हाउस का मानना है कि ईरान की लीडरशिप से इस समझौते को मंजूरी मिलने में कुछ दिन लग सकते हैं। एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारियों को उम्मीद है कि कुछ ही दिनों में समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि अभी बातचीत पूरी तरह फाइनल नहीं हुई है और यह डील टूट भी सकती है। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी के हवाले से यह बात कही गई। सि?न्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, फिलहाल यह साफ नहीं है कि यह संभावित समझौता लंबे समय तक शांति बनाए रखने वाला कोई पक्का समझौता बनेगा या नहीं, और क्या इसमें अमेरिका की परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी मांगों का भी हल निकलेगा। रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने अपने प्रतिनिधियों से कहा है कि वे 'जल्दबाजी में कोई समझौता न करें', क्योंकि 'समय हमारे पक्ष में है। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, 'दोनों पक्षों को समय लेना चाहिए और सही तरीके से फैसला करना चाहिए।' उन्होंने कहा कि ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिका की पाबंदी तब तक पूरी तरह लागू रहेगी, जब तक कोई समझौता तय होकर उस पर आधिकारिक मंजूरी और हस्ताक्षर नहीं हो जाते। रविवार को ही ट्रंप ने ईरान के साथ चल रही बातचीत का बचाव करते हुए ओबामा सरकार के समय हुए परमाणु समझौते की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि मौजूदा बातचीत ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकेगी। 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि 2015 में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के समय हुआ ईरान परमाणु समझौता यह बयान ऐसे समय आया जब ट्रंप ने कहा कि ईरान और कई मध्य-पूर्वी देशों के बीच एक बड़ा क्षेत्रीय समझौता लगभग तैयार हो चुका है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर उन्होंने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, पाकिस्तान, तुर्की, मिस्र, जॉर्डन और बहरीन के नेताओं से बातचीत की है।

## कांगो में इबोला का कहर तेज: 900 के पार पहुंचे संदिग्ध मामले, दुनिया के लिए क्यों चिंता बन रहा है ये वायरस?

**किंशासा, एजेंसी।** अफ्रीकी देश कांगो में इबोला वायरस का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। देश के पूर्वी हिस्से में फैले संक्रमण ने अब गंभीर रूप ले लिया है। कांगो सरकार के मुताबिक संदिग्ध इबोला मामलों की संख्या 900 के पार पहुंच गई है। लगातार बढ़ते संक्रमण और मौतों ने स्वास्थ्य एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी इस प्रकोप को कांगो के लिए बहुत बड़ा खतरा बताया है। हालांकि वैश्विक स्तर पर संक्रमण फैलने का जोखिम अभी कम माना गया है। इस बीच भारत सरकार ने भी अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर सतर्क रहने की सलाह दी है। कांगो में इबोला का प्रकोप कितना गंभीर हो गया है? कांगो के संचार मंत्रालय ने बताया कि देश में अब तक 904 संदिग्ध मामले सामने आ चुके हैं, जबकि 119 संदिग्ध मौतें दर्ज की गई हैं। इससे पहले 700 से ज्यादा मामलों और 170 से अधिक मौतों की जानकारी दी गई थी। संक्रमण का सबसे ज्यादा असर इतुरी प्रांत में देखा जा रहा है। स्वास्थ्य एजेंसियों का कहना है कि मौजूदा प्रकोप के लिए बंडिबुग्यो स्ट्रेन जिम्मेदार माना जा रहा है। यह इबोला का खतरनाक प्रकार है और फिलहाल इसके लिए कोई स्वीकृत वैक्सीन या खास दवा उपलब्ध नहीं है। इसी वजह से हालात को बेहद गंभीर माना जा रहा है। दुनिया के लिए क्यों चिंता बन रहा है इबोला कांगो में तेजी से बढ़ते इबोला मामलों ने दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि समय रहते संक्रमण नहीं रोका गया तो यह दूसरे देशों तक फैल सकता है। बंडिबुग्यो स्ट्रेन के खिलाफ अभी कोई प्रभावी वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। कई देशों ने अफ्रीकी देशों की यात्रा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। इबोला ने फिर दिखाया कि संक्रामक बीमारियां तेजी से वैश्विक खतरा बन सकती हैं।

**भारतीयों के लिए क्या एडवाइजरी जारी की गई है :** भारत सरकार ने कांगो, युगांडा और आसपास के देशों की यात्रा को लेकर सतर्कता बरतने की सलाह दी है। एडवाइजरी में कहा गया है कि दक्षिण सूडान जैसे पड़ोसी देशों में भी संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में भारतीय नागरिकों को इन देशों की यात्रा टालने की सलाह दी गई है। जो भारतीय फिलहाल इन देशों में रह रहे हैं, उन्हें स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा गया है। सरकार ने लोगों से अतिरिक्त सावधानी बरतने और भीड़भाड़ वाले इलाकों से बचने की अपील की है। भारत में अब तक इबोला का कितना असर देखा गया? भारत में अब तक इबोला का सिर्फ एक मामला सामने आया है। साल 2014 में पश्चिम अफ्रीका में फैले इबोला संक्रमण के दौरान लाइबेरिया से लौटे 26 वर्षीय भारतीय नागरिक में यह वायरस पाया गया था। एयरपोर्ट स्क्रीनिंग के दौरान उसकी पहचान हुई थी। बाद में उसे आइसोलेट कर सफलतापूर्वक इलाज किया गया और संक्रमण को फैलने से रोक लिया गया। इसके बाद भारत में इबोला का कोई दूसरा मामला सामने नहीं आया। फिलहाल भारत में इबोला संक्रमण का कोई सक्रिय मामला दर्ज नहीं है। इबोला एक बेहद खतरनाक और कई बार जानलेवा वायरस है। यह संक्रमित जानवरों से इंसानों में फैलता है और फिर संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से तेजी से दूसरे लोगों तक पहुंच सकता है। इसके लक्षणों में तेज बुखार, उल्टी, कमजोरी, शरीर में दर्द और आंतरिक रक्तस्राव शामिल हैं।

## मंगल के बेहद करीब पहुंचा नासा का यान, लाल ग्रह की भेजीं हैरान करने वाली तस्वीरें



**वॉशिंगटन , एजेंसी।** नासा का साइक अंतरिक्ष यान मंगल ग्रह के बेहद करीब से गुजरते हुए बड़ी वैज्ञानिक सफलता हासिल करने में कामयाब रहा है। इस यान ने लाल ग्रह की बेहद साफ और दुर्लभ तस्वीरें पृथ्वी पर भेजी हैं। 15 मई को हुए इस हाई-स्पीड फ्लाईबाय के दौरान यान मंगल की सतह से सिर्फ 4,609 किलोमीटर की दूरी तक पहुंचा। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह मिशन सिर्फ तस्वीरें लेने तक सीमित नहीं था, बल्कि इसका मकसद अंतरिक्ष यान की रफ्तार बढ़ाना और उसकी दिशा बदलना भी था। इस उपलब्धि को नासा के लिए तकनीकी और वैज्ञानिक दोनों नजरिए से बेहद अहम माना जा रहा है।

**आखिर मंगल के इतने करीब क्यों पहुंचा था यान :** नासा के अनुसार साइक मिशन के तहत अंतरिक्ष यान को मंगल के गुरुत्वाकर्षण का फायदा देने के लिए उसके बेहद करीब ले जाया गया। वैज्ञानिक इस तकनीक को ग्रैविटी असिस्ट कहते हैं। इसमें किसी ग्रह की गुरुत्वाकर्षण शक्ति का इस्तेमाल कर यान को अतिरिक्त गति दी जाती है। इससे यान को अपने इंजन से कम ईंधन खर्च करना पड़ता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस तकनीक की मदद से अंतरिक्ष मिशनों को लंबी दूरी तक अधिक प्रभावी तरीके से भेजा जा सकता है।

**यान ने कौन-कौन सी तस्वीरें भेजीं :** फ्लाईबाय के दौरान यान में लगे मल्टीस्पेक्ट्रल इमेजर ने मंगल ग्रह की सतह की कई शानदार तस्वीरें कैद कीं। इनमें मंगल के दक्षिणी उच्चभूमि क्षेत्र और विशाल डबल-रिंग ह्यूजेंस क्रेटर की तस्वीरें सबसे खास मानी जा रही हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक ह्यूजेंस क्रेटर का व्यास करीब 470 किलोमीटर है। तस्वीरों में मंगल की प्राचीन और गड्ढों से भरी सतह बेहद स्पष्ट दिखाई दे रही है। इन तस्वीरों से वैज्ञानिकों को लाल ग्रह के भूगर्भीय इतिहास को समझने में मदद मिलने की उम्मीद है।

**मिशन के लिए यह फ्लाईबाय कितना अहम माना जा रहा है :** नासा और जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी के वैज्ञानिकों के अनुसार यह फ्लाईबाय पूरे मिशन का बेहद महत्वपूर्ण चरण था। मंगल के गुरुत्वाकर्षण का इस्तेमाल कर यान की दिशा को सही मार्ग पर स्थापित किया गया। खास बात यह रही कि इसके लिए अतिरिक्त ईंधन खर्च नहीं करना पड़ा। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस तरह की तकनीक भविष्य के गहरे अंतरिक्ष मिशनों के लिए काफी मददगार साबित हो सकती है।

**अंतरिक्ष अनुसंधान में क्यों महत्वपूर्ण है यह उपलब्धि :** विशेषज्ञों के मुताबिक साइक मिशन अंतरिक्ष विज्ञान के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। मंगल के करीब पहुंचकर इतनी स्पष्ट तस्वीरें लेना और साथ ही यान की गति बढ़ाना दोनों बड़ी सफलता हैं। वैज्ञानिकों को उम्मीद है।

## भारतीयों शादियों से कमाना चाह रहा नेपाल, पूर्व वित्त मंत्री ने सोने के गहनों पर टैक्स हटाने की मांग की

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के पूर्व वित्त मंत्री सुरेंद्र पांडे ने भारत से आने वाले पर्यटकों को लेकर बड़ा सुझाव दिया है। उन्होंने नेपाल सरकार से मांग की कि भारतीय नागरिकों के सोने के गहनों पर लगने वाला टैक्स खत्म किया जाए। पांडे का कहना है कि अगर सरकार यह कदम उठाती है तो नेपाल को शादी समारोहों के बड़े केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन जैसे बड़े देशों से आने वाले पर्यटकों के जरिए नेपाल अपनी पर्यटन अर्थव्यवस्था को नई ताकत दे सकता है। नेपाल की अर्थव्यवस्था में पर्यटन पहले से ही बड़ी भूमिका निभाता है और विदेशी मुद्रा कमाने का यह अहम जरिया माना जाता है।

**भारतीय पर्यटकों को लेकर सुरेंद्र पांडे ने क्या सुझाव दिया :** काठमांडू में आयोजित एक कार्यक्रम में सुरेंद्र पांडे ने कहा कि नेपाल सरकार को बाजार को ज्यादा आजादी देनी चाहिए और जरूरत से ज्यादा नियम-कानून लगाने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सख्त नियमों से अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं होती। पांडे ने खास तौर पर भारतीय नागरिकों का जिक्र करते हुए कहा कि नेपाल को शादी डेस्टिनेशन के रूप में बढ़ावा देने की बड़ी संभावना है। लेकिन इसके लिए भारतीय मेहमानों द्वारा पहने जाने वाले सोने के गहनों पर टैक्स में राहत देना जरूरी होगा। उनका मानना है कि इससे भारतीय परिवार नेपाल में शादी समारोह आयोजित करने के लिए ज्यादा आकर्षित होंगे। नेपाल में सोने के गहनों को लेकर क्या नियम हैं फिलहाल नेपाल में हवाई मार्ग से आने वाले विदेशी यात्रियों को 50 ग्राम तक सोने के गहने और 100 ग्राम तक चांदी के गहने बिना कस्टम ड्यूटी के लाने की अनुमति है। हालांकि यह शर्त होती है कि यात्रा पूरी होने के बाद उन्हें वापस ले जाया जाए। भारतीय दूतावास के मुताबिक यह छूट सिर्फ निजी इस्तेमाल के लिए लागू होती है। सुरेंद्र पांडे का कहना है कि अगर भारतीय पर्यटकों के लिए नियम और आसान किए जाएं तो नेपाल को पर्यटन के क्षेत्र में बड़ा फायदा मिल सकता है। उन्होंने कहा कि पर्यटन से रोजगार और कारोबार दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

**पर्यटन बढ़ाने के लिए और क्या सुझाव दिए गए :** नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र पांडे ने सरकार को भारत और चीन से आने वाले पर्यटकों के लिए बड़े पर्यटन पैकेज तैयार करने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि नेपाल को दोनों देशों के करोड़ों लोगों को ध्यान में रखकर अपनी पर्यटन रणनीति बनानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय वाहनों के नेपाल में प्रवेश को आसान और बिना परेशानी वाला बनाने की मांग की। उनका कहना है कि अगर सीमा पर प्रक्रियाएं सरल होंगी तो ज्यादा भारतीय पर्यटक नेपाल पहुंचेंगे। नेपाल की अर्थव्यवस्था में पर्यटन सबसे अहम क्षेत्रों में से एक माना जाता है। पहाड़, धार्मिक स्थल, प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत की वजह से बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक नेपाल पहुंचते हैं।

## केमिकल टैंक में ब्लास्ट का खतरा: 50 हजार से ज्यादा लोगों का विस्थापन, जहरीली गैस के खौफ से सहमा कैलिफोर्निया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया में एक बड़ा हादसा रोकने के लिए अधिकारी दिन-रात एक कर रहे हैं। यहां एक फैक्ट्री में केमिकल का टैंक खराब हो गया है। इस टैंक से खतरनाक गैस निकल रही है, जिसके डर से हजारों लोगों को अपने घर छोड़कर जाना पड़ा है। गार्डन ग्रोव शहर की जीकेएन एयरोस्पेस फैक्ट्री के एक टैंक में करीब 22,713 से 26,498 लीटर 'मिथाइल मेथाक्राइलेट' नाम का केमिकल भरा है। पिछले हफ्ते यह टैंक अचानक बहुत ज्यादा गर्म हो गया और इससे जहरीली गैस हवा में फैलने लगी। अधिकारियों का कहना है कि अगर टैंक का तापमान कम नहीं हुआ, तो या तो सारा केमिकल बाहर बह जाएगा या फिर टैंक बम की तरह फट जाएगा। इस वीकेंड पर सुरक्षा के लिए 50,000 से ज्यादा लोगों को इलाका खाली करने को कहा गया है। अच्छी बात यह है कि अभी तक कोई घायल नहीं हुआ है। दमकलकर्मी टैंक पर लगातार पानी डालकर उसे ठंडा कर रहे हैं।

**क्यों खतरनाक है यह केमिकल :** यह केमिकल एक ऐसा लिक्विड है जिसमें आसानी से आग लग जाती है और इसका कोई रंग नहीं होता। इसका इस्तेमाल प्लास्टिक और नकली दांत बनाने में होता है। सरकार ने इसे बेहद खतरनाक माना है। पर्यावरण एजेंसी ईपीए के मुताबिक, इसकी गैस से आंख, नाक और फेफड़ों में तेज जलन होती है। ज्यादा मात्रा में यह गैस शरीर में जाए तो चक्कर आने लगते हैं, याददाश्त पर असर पड़ता है और सांस लेने में दिक्कत होती है। हालांकि, राहत की बात है कि अभी हवा में प्रदूषण का स्तर सामान्य है।



**टैंक में क्या खराबी आई है :** इस मुसीबत की वजह यह है कि टैंक का ड्रेनेज वाल्व यानी केमिकल निकालने वाला रास्ता खराब हो गया है। अगर इसे ठीक नहीं किया गया, तो बड़ा केमिकल स्पिल होगा या फिर धमाका हो जाएगा। दमकल विभाग टैंक के तापमान को 29.4 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने में जुटा है ताकि अंदर दबाव न बने। ईपीए चीफ ली जेल्डिन ने कहा कि सबसे सुरक्षित तरीका यह है कि केमिकल को थोड़ी-थोड़ी मात्रा में खुद ही बाहर निकलने दिया जाए, ताकि अधिकारी उसे काबू में कर सकें।

**अगर धमाका हुआ तो क्या होगा :** अगर टैंक का तापमान बढ़ा, तो अंदर का लिक्विड केमिकल गैस बन जाएगा। गैस बनने से दबाव बढ़ेगा और टैंक फट सकता है। इससे आसपास के दूसरे टैंकों में भी आग लग सकती है। स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर रेजिना ने बताया कि धमाका होने पर यह जहरीली गैस दूर-दूर तक फैल जाएगी। इससे लोगों के गले में खराश, आंखों में जलन और चक्कर आने जैसी समस्याएं होंगी। डिजनीलैंड के दो पार्क इस खतरे के दायरे से बाहर हैं, इसलिए वहां के लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। रविवार को अधिकारियों ने बताया कि टैंक में एक हल्की दरार दिख रही है। केमिस्ट्री के प्रोफेसर एलियास पिकाजो ने बताया कि यह दरार एक तरह से अच्छी है, क्योंकि इससे थोड़ी-थोड़ी गैस बाहर निकल जाएगी और अंदर का दबाव कम होगा। इससे अधिकारियों को अंदर के केमिकल को ठंडा करके जमाने का समय मिल जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com